वर्ष 24, अंक 324, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 2 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बंगाल की सत्ता का महा-विस्तार!

### सुवेंदु सरकार ने बुना मंत्रियों का चक्रव्यूह, 35 बीजेपी विधायकों ने ली शपथ

- टीएमसी के दिग्गजों को धूल चटाने वाले चेहरे शामिल
- संवैधानिक सीमा और कैबिनेट का गणित
- 'मिशन सोनार बांग्ला' की ओर बढ़े कदम



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की सियासत में सोमवार को एक ऐतिहासिक और बेहद महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपनी कैबिनेट का पहला और सबसे बड़ा विस्तार कर दिया है। कोलकाता के राजभवन (लोक भवन) में आयोजित एक भव्य और हाई-प्रोफाइल शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी के 35 विधायकों ने मंत्री पद की गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल आर. एन. रवि ने सभी नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस विस्तार के साथ ही सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस के गढ़ों को ध्वस्त करने वाले अपने सबसे भरोसेमंद और आक्रामक चेहरों को सरकार की कमान सौंप दी है।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 164(1अ) के तहत किसी भी राज्य में मंत्रियों की कुल संख्या मुख्यमंत्री सहित वहां की विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। इस नियम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं।

सोमवार को हुए 35 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद अब सुवेंदु कैबिनेट ने अपनी पूरी ताकत और आकार ले लिया है। इस विस्तार में कद्दावर नेताओं के साथ-साथ युवा और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों को भी तरजीह दी गई है, जिनमें राजेश महता, इंद्रनील खान और मालती रावा रॉय शामिल हैं।

इस कैबिनेट विस्तार की सबसे खास बात यह है कि इसमें उन चेहरों को इनाम दिया गया है जिन्होंने हालिया चुनावों में ममता बनर्जी की पार्टी के बड़े-बड़े किलों और रसूखदार नेताओं को भारी अंतर से शिकस्त दी थी। अर्जुन सिंह, तापस रॉय, स्वपन दासगुप्ता, शंकर घोष और पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा जैसे कद्दावर नेताओं को कैबिनेट में शामिल कर मुख्यमंत्री ने साफ संदेश दे दिया है कि सरकार का रवैया बेहद आक्रामक और विकासोन्मुखी रहने वाला है।

सुवेंदु कैबिनेटः शपथ लेने वाले 23 प्रमुख मंत्रियों की पूरी लिस्ट

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की कैबिनेट के इस मेगा विस्तार में कुल 35 मंत्रियों ने शपथ ली है, जिनमें से 23 प्रमुख मंत्रियों की सूची उनके निर्वाचन क्षेत्रों और चुनावी इतिहास के साथ बेहद प्रभावशाली है। इस नई कैबिनेट में फलाकाटा से दीपक बर्मन, मानिकतला से तापस रॉय, सिलीगुड़ी से शंकर घोष, कुमारग्राम से मनोज कुमार उरांव, और मुर्शिदाबाद से गौरी शंकर घोष को शामिल किया गया है। इनके अलावा राशबिहारी से स्वपन दासगुप्ता, खरदह से कल्याण चक्रवर्ती, सिंगूर से अरूप कुमार दास, मयूरेश्वर से दूध कुमार मंडल, बिधाननगर से शरद्वत मुखर्जी, सूरी से जगन्नाथ चट्टोपाध्याय, और नोआपारा से अर्जुन सिंह ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है। सरकार में स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री के तौर पर तुफानगंज से मालती रावा रॉय, गोपीबल्लभपुर से राजेश महता, और बेहाला पश्चिम से इंद्रनील खान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची को आगे बढ़ाते हुए रायगंज से कौशिक चौधरी, कांदी से गार्गी दास घोष, श्रीरामपुर से भास्कर भट्टाचार्य, सोनामूखी से दिबाकर घरामी, बालागढ़ से सुमाना सरकार, हबीबपुर से जॉयल मुर्मू, मोयना से पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा, और मातिगारा-नक्सलबाड़ी से आनंदमय बर्मन को इस नई टीम का हिस्सा बनाया गया है, जिन्होंने हालिया चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेताओं को बड़े अंतर से मात देकर अपनी जगह पक्की की है। शपथ ग्रहण के ठीक बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कैबिनेट के सभी नए सहयोगियों को बधाई दी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस नए मंत्रिमंडल में भौगोलिक और सामाजिक समीकरणों (उत्तर बंगाल, जंगलमहल, एससी/एसटी बेल्ट और शहरी क्षेत्रों) का विशेष ध्यान रखा गया है। टीएमसी के हिंसक विरोध और गढ़ों को तोड़कर आए इन 35 मंत्रियों के कंधों पर अब बंगाल को नए प्रशासनिक ऊंचाइयों पर ले जाने और कानून-व्यवस्था को पूरी तरह बहाल करने की एक बड़ी और खौफनाक चुनौती होगी।

## घुसपैठ, अवैध संचार नेटवर्क और ISI की नई साजिशों का खुलासा, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के बीच सीमा पार से घुसपैठ, अवैध संचार नेटवर्क और आतंकी तंत्र को पुनर्जीवित करने की कोशिशों से जुड़े कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान समर्थित तत्वों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और हाल के अभियानों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां तथा सफलताएं हासिल हुई हैं। हम आपको बता दें कि बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर तीन



लोगों को पकड़ा है जो कथित रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की ओर जाने की कोशिश कर रहे थे। खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में सोपोर के दो व्यक्तियों और उनके एक सहयोगी गाइड को हिरासत में लिया गया।

अधिकारियों ने उनकी पहचान आदिल हुसैन, इशफाक लोन और जाफर हाफिज के रूप में की है।

## दिल्ली बिल्डिंग हादसे पर आप ने बीजेपी को घेरा

**नई दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली के सैदुल्लाजाब इलाके में पांच मंजिला इमारत ढहने से हुई दर्दनाक मौतों के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं. आम आदमी पार्टी ने इस हादसे को अवैध निर्माण और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार का परिणाम बताते हुए भाजपा, टउऊ प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है. पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

## 'सीनियर वकीलों को दलीलें रखने की अनुमति नहीं, सिर्फ यंग लॉयर...'

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने सोमवार (1 जून, 2026) को कहा कि वह गर्मियों की छुट्टियों में अपनी बेंच के सामने न तो सीनियर एडवोकेट्स को केस लिस्ट करवाने के लिए उल्लेख करने देंगे और न ही सुनवाई के दौरान दलीलें रखने की अनुमति देंगे. उन्होंने कहा कि वह इस दौरान सिर्फ युवा वकीलों और एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड को अपनी बेंच के समक्ष दलीलें रखने की अनुमति देंगे. सोमवार की सुबह जस्टिस विक्रम नाथ ने घोषणा की थी कि सीनियर वकीलों को दलीलें रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी. जस्टिस संजय करोल ने भी यही रुख अपनाया. 1 जून से 12 जुलाई तक सुप्रीम कोर्ट की गर्मियों की छुट्टियां हैं. सुप्रीम कोर्ट में ग्रीष्मावकाश को अब आंशिक न्यायालय कार्य दिवस कहा जाता है. इस साल इस अवधि के दौरान हर हफ्ते तीन से चार बेंच सुनवाई करेंगी. जस्टिस विक्रम नाथ ने सुनवाई शुरू होते ही कहा, 'मेरी अदालत में किसी वरिष्ठ अधिवक्ता को अनुमति नहीं दी जाएगी।

## नीट-यूजी फिलहाल पेन-पेपर मोड में ही होगी

### सुप्रीम कोर्ट ने आनलाइन परीक्षा कराने की मांग खारिज की



**नई दिल्ली**

**नीट-यूजी** 2026 परीक्षा को लेकर चल रही बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को तत्काल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में आयोजित कराने की मांग की गई थी। अदालत के फैसले के बाद स्पष्ट हो गया है कि 21 जून को प्रस्तावित परीक्षा पारंपरिक पेन-पेपर मोड और ओएमआर शीट के माध्यम से ही आयोजित की जाएगी।

यह याचिका आज जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और अरविंद कुमार की आंशिक कार्यदिवस वाली बेंच के समक्ष पेश की गई। कोर्ट ने मामले को छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध किया है। जस्टिस नरसिम्हा ने टिप्पणी की वे परीक्षा को दोबारा आयोजित कर रहे हैं। उन पर कितना दबाव है! हम छुट्टियों के बाद इस पर चर्चा करेंगे।

इस फैसले से लाखों छात्रों और अभिभावकों के बीच बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है। अदालत ने माना कि परीक्षा से ठीक पहले व्यवस्था में बड़ा बदलाव करना व्यावहारिक नहीं होगा।

इस साल नहीं बदलेगा परीक्षा का स्वरूप

याचिकाकताओं का तर्क था कि हाल के वर्षों में पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों के आरोपों को देखते हुए नीट को तुरंत ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित प्रणाली में बदल देना चाहिए।

उनका कहना था कि इससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बन सकेगी।

## ट्विशा शर्मा मौत मामले की जांच

## पहले फंदा खुलवाया और फिर लाश नीचे उतारी!

### गिरिबाला के घर सीबीआई ने रिक्रिएट किया ट्विशा की मौत का सीन

**भोपाल**

**ट्विशा** शर्मा की मौत की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सोमवार (1 जून 2026) को मामले की पड़ताल के तहत पूर्व जज गिरिबाला सिंह के घर पर सीन रीक्रिएट किया. जांच एजेंसी ने यह कदम घटनाओं के क्रम को समझने और अब तक दर्ज किए गए बयानों की सच्चाई की जांच करने के लिए उठाया. सूत्रों के अनुसार, यह पूरी प्रक्रिया गिरिबाला सिंह के घर पर की गई, जहां जांच टीम ने घटना के समय मौजूद लोगों की स्थिति और उनकी गतिविधियों को समझने के लिए डमी और बोरों का इस्तेमाल



किया. इस दौरान यह जानने की कोशिश की गई कि घटना के वक्त कौन कहां मौजूद था और क्या घटनाक्रम गवाहों के बयानों से मेल खाता है.

ट्विशा शर्मा मौत मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पूर्व जज गिरिबाला सिंह के घर पहुंची, जहां घटना से जुड़े क्राइम सीन का दोबारा निर्माण किया गया. इस दौरान उइकके साथ फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद रही. सूत्रों के अनुसार, करीब दो घंटे तक घर की छत पर सीन रीक्रिएशन का प्रोसेस चल. जांच के दौरान ट्विशा शर्मा की डमी बॉडी का इस्तेमाल किया गया. उइक ने गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह से घटना के समय की परिस्थितियों को दोबारा दिखाने के लिए कहा गया.

कई लोगों से की गई पूछताछ

जांच के दौरान गिरिबाला सिंह ने डमी बॉडी के साथ बेल्ट काटने की प्रक्रिया दिखाई, जबकि समर्थ सिंह ने डमी बॉडी को उठाकर घटनाक्रम को समझाया.

सीबीआई ने इस दौरान समर्थ सिंह के अलावा पास में रहने वाले रिश्तेदार स्वराज सिंह को भी बुलाकर पूछताछ की. जांच एजेंसी ने घटनास्थल की हर छोटी-बड़ी बात की जांच की और दोनों आरोपियों से विस्तृत सवाल पूछे. प्रक्रिया पूरी होने के बाद समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह को वहां से रवाना कर दिया गया।

## 'छात्रों से मांगते हैं जवाब, खुद साधे हैं चुप्पी'...

### सीबीएसई टेंडर विवाद पर क्यों मौन है बोर्ड? 3 सुलगते सवाल जिनका जवाब अब देना ही होगा!

**नई दिल्ली**

भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास में शायद यह पहली बार है जब देश के सबसे बड़े परीक्षा बोर्ड, सीबीएसई के मूल्यांकन और प्रोक्योरमेंट सिस्टम का किसी जांच एजेंसी ने नहीं, बल्कि खुद छात्रों ने 'ऑडिट' कर दिया है। 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली और 'कोएम्प्ट एडुटेक' को दिए गए टेंडर को लेकर उठा विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। परिणाम घोषित होने के हफ्तों बाद भी राष्ट्रीय मीडिया और राजनीतिक गलियारों में इस मुद्दे पर तीखी बहस जारी है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में जो बात सबसे ज्यादा खटक रही है, वह है सीबीएसई की रहस्यमयी चुप्पी। एक ऐसी संस्था जो लाखों छात्रों से परीक्षा हॉल में हर एक जवाब के पीछे तार्किक कारण मांगती है, वह खुद अपनी टेंडर प्रक्रिया पर पारदर्शिता दिखाने में नाकाम साबित हो रही है। आइए इस पूरे विवाद की परतों को खोलते हुए उन तीन बुनियादी सवालों को समझते हैं, जिनका जवाब सीबीएसई को अब हर हाल में देना ही होगा।

इस पूरे विवाद की शुरूआत तब हुई जब 12वीं कक्षा के एक छात्र, सार्थक सिद्धांत ने सीबीएसई के 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रोजेक्ट से जुड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध टेंडर रिकॉर्ड्स की बारीकी से जांच शुरू की। सार्थक ने टेंडर दस्तावेजों के अलग-अलग वर्जन्स (संस्करणों) का विश्लेषण किया और पाया कि समय के साथ पात्रता मानदंडों और तकनीकी आवश्यकताओं में कुछ ऐसे बदलाव किए गए थे जो संदेह पैदा करते हैं। सार्थक का यह तकनीकी विश्लेषण सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैला। जल्द ही, अन्य छात्रों, युवा रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी के शौकीनों ने भी इन दस्तावेजों का मिलान करना शुरू कर दिया। जो छात्र कल तक अपनी आंसर-की और मार्क्स पर बहस कर रहे थे, वे अचानक प्रोक्योरमेंट प्रक्रियाओं और टेंडर की शर्तों की तुलना करने लगे। मूल्यांकन करने वाली संस्था खुद उन्हीं बच्चों के रडार पर आ गई जिनका वह मूल्यांकन करती है।

## 'पीठ में छुरा या वफादारी का कत्ल?'... मंत्री जमीर अहमद खान के कथित ऑडियो लीक



**कर्नाटक**

**कर्नाटक** में एक तरफ कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने का जश्न मना रही है और 3 जून को होने वाले डी.के. शिवकुमार के भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ पार्टी के भीतर से वफादारी और विश्वासघात की एक ऐसी खौफनाक कहानी सामने आई है जिसने आलाकमान की नींद उड़ा दी है। कैबिनेट गठन की चचाओं के बीच एक कथित ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह वायरल हो रही है, जिसने कांग्रेस खेमे में भारी असंतोष और हड़कंप मचा दिया है। इस लीक ऑडियो में कथित तौर पर राज्य के कद्दावर नेता और मंत्री बी. जमीर अहमद खान को दावणगेरे दक्षिण विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को ही हराने की गुप्त साजिश रचते हुए सुना जा सकता है।

मंत्री जमीर अहमद खान को निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का बेहद करीबी और वफादार सिपहसालार माना जाता है। लेकिन राजनीतिक गलियारों से आ रही खबरों के मुताबिक, वह कांग्रेस के उस फैसले से अंदर ही अंदर बेहद नाखुश और आक्रोशित थे, जिसमें दावणगेरे दक्षिण उपचुनाव के लिए किसी भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया था।

यह उपचुनाव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमनूर शिवशंकरप्पा के निधन के बाद खाली हुई सीट पर कराया गया था।

टिकट वितरण से निराश होकर, खान ने कथित तौर पर कांग्रेस की घोषित नीतियों के विपरीत जाकर कट्टरपंथी रुख रखने वाली सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार अफसर कोडलीपटे को गुप्त रूप से समर्थन देने का मन बना लिया।

## 'दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी स्वीकार्य नहीं...,'

### सूर्या हत्याकांड पर सीएम योगी आदित्यनाथ का पहला बयान

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार (1 जून) को बिजनौर पहुंचे. यहां उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हिंदू परिवारों को नागरिकता से जुड़ी सौगात दी और एक जनसभा को संबोधित किया. अपने भाषण में सीएम योगी ने पाकिस्तान, नागरिकता संशोधन कानून (उअअ), गाजियाबाद के सूर्या हत्याकांड और गौ माता जैसे कई मुद्दों का जिक्र किया. उन्होंने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा.

गाजियाबाद के सूर्या हत्याकांड का किया जिक्र

सीएम योगी ने अपने संबोधन में गाजियाबाद के चर्चित सूर्या हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएंगी. उन्होंने कहा, "दोस्ती...कैसी दोस्ती, आपने अभी गाजियाबाद में देखा होगा. दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी. यह स्वीकार्य नहीं होगा. अगर कोई अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा तो समझो गलती कर रहा है. याद रखना हमारी संवेदना सामान्य नागरिकों के प्रति है."

इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, "हम सबको ध्यान में रखना होगा कि अहिंसा और करुणा मानवता के भूषण हैं किंतु शस्त्र उठाना होगा अगर सामने खर दूषण हैं."

भगवान राम और भगवान कृष्ण का किया उल्लेख

सीएम योगी ने अपने संबोधन में धार्मिक उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने भी सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश की बात कही थी. उन्होंने कहा, "भगवान कृष्ण ने कहा था कि सज्जनों के लिए ही हम



सज्जन बनें, दुर्जनों के लिए नहीं." इसके बाद उन्होंने भगवान राम का उल्लेख करते हुए कहा, "भगवान राम ने भी वही किया था. एक ही लक्ष्य था. धरती को राक्षस विहीन कर देंगे क्योंकि ये सामान्य नागरिकों के साथ अन्याय कर रहे हैं."

उन्होंने कहा कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत है. योगी ने कहा, "देश के खिलाफ द्रोह करने वाले लोगों के साथ उतनी ही निर्ममता के साथ लड़ने के लिए तैयार होना होगा."

CAA को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने नागरिकता संशोधन कानून का जिक्र करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर आए हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के लोगों को नागरिकता देने का विपक्ष ने विरोध किया।

# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का बिजली दफ्तर पर प्रदर्शन

## आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य अभियंता को दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**




**पसना।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की इलाहाबाद जिला कमेटी ने 1 जून को उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। राज्यव्यापी आह्वान के तहत पार्टी कार्यकताओं ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्टी की जिला कमेटी के सचिव कामरेड अखिल विकल्प ने बताया कि ज्ञापन में प्रमुख मांगें स्मार्ट मीटर परियोजना को पूरी तरह रद्द करना, 10प्रतिशत ईंधन सरचार्ज वापस लेना और बिजली विभाग के निजीकरण पर रोक लगाना शामिल हैं। अन्य मांगों में स्मार्ट मीटरों को पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटरों से बदलना, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना, गलत बिलिंग की राशि वापस करना या समायोजित करना और विभाग में रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्तियां करना शामिल है। इस प्रदर्शन में तहसील कमेटी कोराव के सचिव दिग्विजय सिंह, किसान सभा से भगवत प्रसाद, कामरेड इंद्रजीत सिंह, कामरेड विकास और बड़ी संख्या में अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संगम सभागार में कैम्ब्रिज की अंशिका का सम्मान, मेधावी छात्राओं में बनाई खास पहचान

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह-2026 में कैम्ब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ की छात्रा अंशिका द्विवेदी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। यह समारोह सोमवार को प्रयागराज स्थित संगम सभागार में आयोजित हुआ, जहां उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में जनपद स्तर पर प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिला स्तरीय सम्मान समारोह के अंतर्गत कैम्ब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका द्विवेदी को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंशिका की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रा की सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए हर्ष व्यक्त किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कमईपुर में श्री विश्वकर्मा परिवार की मासिक पूजा संपन्न, श्रद्धालुओं ने किया शर्बत वितरण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कमईपुर में श्री विश्वकर्मा परिवार के तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा की तृतीय मासिक पूजा एवं आरती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा समाज की एकजुटता का संदेश दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए विश्वकर्मा समाज के लोगों ने सामूहिक सहयोग से दोपहर से शर्बत वितरण का आयोजन किया। श्रद्धालुओं और राहगीरों को शीतल पेय उपलब्ध कराया गया, जो देर तक चलता रहा। इसके बाद भगवान श्री गणेश, माता लक्ष्मी और भगवान श्री विश्वकर्मा का विधि-विधान से पूजन किया गया। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर देर तक भक्तों की मौजूदगी बनी रही। कार्यक्रम के संयोजक अजय विश्वकर्मा और रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि यह धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को किया जाता है। इसमें क्षेत्र के विश्वकर्मा समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर धार्मिक गतिविधियों के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा (लल्लू), राजू विश्वकर्मा, राम मूरत विश्वकर्मा (सीबीसी), ज्ञानेंद्र विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, राम आसरे विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा (बाबा जी) और शिवलाल विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। आयोजन के समापन पर उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने वाली पहल बताते हुए आयोजकों एवं सहयोगकताओं की सराहना की।

# शंकरगढ़ में गरजे भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, किसानों के शोषण और फर्जी संगठनों के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश की ओर से शंकरगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों का किसी भी स्तर पर शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए काशी प्रांत के जिला मंत्री अतुल कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र में दर्जनों किसान संगठन सक्रिय हैं, लेकिन अधिकांश संगठन किसानों के हितों की बजाय निजी स्वार्थों में लिप्त दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों के वास्तविक मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा है और जल्द ही यमुनापार क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।बैठक में विकासखंड शंकरगढ़ के देवखरिया रोड की जर्जर स्थिति पर भी चर्चा हुई। किसान नेताओं ने सड़क निर्माण की मांग उठाते हुए कहा कि खराब सड़क के कारण किसानों एवं ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने संबंधित विभाग से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की।किसान नेता अतुल कुमार ने आरोप लगाया कि कुछ किसान संगठन फर्जी तरीके से कार्य कर किसानों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत भेजकर ऐसे संगठनों की जांच एवं कार्रवाई की मांग करेगा।किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन को गंभीरता दिखानी होगी, अन्यथा संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, जिला कार्यवाहक आनंद कुमार मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, शिवम सिंह, शिवमणि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में किसान नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भक्त रहे भक्ति में लीन : भोर से ही चलता रहा जलाभिषेक का क्रम

## डीसीपी गंगानगर व एसीपी थरवई पहुंचे मेले में लेते रहे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** भक्ति धाम का ऐसा धार्मिक प्रसिद्ध स्थल जहां हर भक्तों की मनोकामनायें पूर्ण होती है। ऐसा ही स्थल प्रयागराज के प्रसिद्ध मंदिर पाण्डेश्वर नाथ धाम प्रयागराज के मंदिरजो पंचकोषी परिक्रमा के बिना अधूरा माना जाता है। पड़िला स्थित पाण्डेश्वर नाथ धाम जिसे पड़िला धाम के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है की जो भी भक्ति भगवान शिव की पूजा अर्चना सच्चे मन से करता है उसकी हर मनोकामनाएँ पूर्ण होती है। वर्तमान में चल रहे अधिक मास जो हर तीन वर्ष में आने वाले अतिरिक्त चंद्र मास को अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। क्यूंकि यह समय भगवान विष्णु (पुरुषोत्तम) को समर्पित होता है, इसलिए इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस दौरान दान, जप और पूजा-पाठ का फल कई गुना अधिक मिलता है। अधिक मास के पावन अवसर पर पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पहुंचे एसीपी थरवई ने सोमवार को मंदिर परिसर पहुंचकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसीपी अरूण पाराशर ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि अधिक मास के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा पाण्डेश्वर नाथ के दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात संचालन को सुचारु रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मंदिर परिसर में लगाए गए सुरक्षा प्रबंधों, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के लिए बनाए गए मार्गों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत टीम के साथ जुटे रहे और हर मुख्य बिंदुओं पर निगरानी करते रहे। वहीं सहायक पुलिस आयुक्त थरव'ई ने कहा की आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। अधिक मास के दौरान पाण्डेश्वर नाथ धाम में श्रद्धालुओं का दर्शन - पूजन का सिलसिला लगातार जारी है। उसी मौके पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत भी पड़िला धाम पहुंचकर जलाभिषेक कर भगवान शिव के दर्शन किये। मेले में थाना थरवई, थाना फाफामऊ सहित अन्य थानों की फोर्स भी तैनात रही।

## आधा दर्जन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक महिला का कहना है कि पड़ोसी पुरानी रंजिश को लेकर एक राय हो कर घर पर चढ़ आये परिजनों को लाठी डंडो से मारे पीटे तथा जाति सूचक गालिया दी गई तथा पतरा तोड़ दिए।महिला ने थाने में तहरीर दे कर आधा दर्जन के खिलाफ एस सी एस टी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासनीय सीता देवी पत्नी राहुल कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर घर पर चढ कर परिजनों को लाठी डंडा से मारे पीटे और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए सीमेंट का पतरा तोड दिए।सीता देवी ने गांव के अजीत कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार, अखिलेश कुमार,रिंकू,मीरा देवी के खिलाफ मार पीट सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है।

# अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बिझवानिया गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर रविवार देर शाम को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत किसी ट्रेन से कटकर हुई है।मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। वह आसमानी रंग की जींस पहने हुए था तथा देखने में वनवासी समुदाय का प्रतीत हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही उतराव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस आसपास के लोगों ने शिनाख्त करने की प्रयास कर रही है। उन्होंने आसपास के? लोगो से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल उतराव पुलिस को सूचित करें, जिससे शव की पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा मृतक की पहचान कराने के लिए स्थानीय लोगों और आसपास के थानों से भी संपर्क किया जा रहा है।

# बारा तहसील में विकास योजनाओं की प्रदर्शनी शुरू विधायक ने लोगों से लाभ उठाने की अपील

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** बारा तहसील परिसर में सोमवार से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विधायक ने कहा कि इसके माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में प्रदर्शनी देखने और योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने की अपील की।

प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के नौ वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को चित्रों और सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें आधारभूत संरचना, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, पर्यटन, कानून व्यवस्था, आवास, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की गई हैं।

आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों से अवगत कराना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, आईटी सेल प्रभारी दिलीप, फूलचंद्र पटेल, जगत नारायण शुक्ला, एसडीएम न्यायिक चंदन, तहसीलदार अनिल पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड के मेधावियों का सम्मान, प्रयागराज के 15 छात्र-छात्राओं को मिला पुरस्कार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 15 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इससे पहले लोक भवन, लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रदेश की टॉप-10 सूची में शामिल प्रयागराज के पांच मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संगम सभागार में भी देखा गया।

संगम सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने 15 मेधावी छात्र-छात्राओं को 21 हजार रुपये का चेक, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

महापौर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने कहा कि सफलता को बनाए रखने के लिए निरंतर परिश्रम और स्पष्ट लक्ष्य जरूरी हैं। युवा पीढ़ी की उपलब्धियां ही विकसित और सशक्त भारत की आधारशिला हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता उनके जीवन की शुरुआत है, अंतिम मंजिल नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम प्रदेश के औसत परिणाम से बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हैं और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावक, प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### फुटपाथ दुकानदारों के लिए भाजपा नेता ने उठाई आवाज



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी महानगर संयोजक घनश्याम जायसवाल ने महापौर प्रयागराज, नगर आयुक्त प्रयागराज, जोनल अधिकारी नैनी से मांग की है कि नैनी कॉटन मिल के पास नगर निगम द्वारा लगभग तीन साल पहले दो दर्जन सरकारी गोमतीया बनी हुई है और अलॉट भी हो चुकी है गोमिया इतनी जर्जर हो गई है न कोई दुकान खोलता है न ही इसका कोई उपयोग हो रहा है। और दूसरी ओर फुटपाथ दुकानदार भी परेशान है पुरानी अलॉट दुकान निरस्त किया जाए और पुनः छोटे फुटपाथ दुकानदारों को दिया जाए और पूरी रिपेयरिंग करवायी जाए और शटर लगवाया जाए। जायसवाल ने कहा छोटे व्यापारियों अपनी दुकान लगाने के लिए दर दर ठोकर खा रहे है इसलिए उन्हें जल्द से जल्द यह अलॉट करवाया जाए।

### समाजसेवी, मृदुभाषी नंदलाल दुबे का आकस्मिक निधन



**जंघई।** महुआपुर, चंपापुर गांव निवासी नंद लाल दुबे नंदू 55 वर्ष का हृदय गति रुक जाने से रविवार को सूरत में निधन हो गया है। परिजनों के अनुसार सीने में दर्द हुआ और अस्पताल लेकर गए लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी एवं दोनों बेटियों और एकलौते बेटे हिंमाशु एवं परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। निधन की सूचना सुनकर लोग स्तब्ध हो गए, नंदलाल दुबे अत्यंत मृद्धाभाषी सामाजिक, मिलनसार व्यक्तित्व के इंसान थे, करीब 20 दिन पूर्व घर पर श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन था तो गांव आये लेकिन होनी को कौन टाल सकता है विधि का विधान मातृभूमि से कर्मभूमि की यह उनकी अंतिम यात्रा हुई। उनके असामायिक निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों तथा रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। सूरत से शव सोमवार देर रात्रि तक घर पहुंचने की संभावना है अंतिम संस्कार मंगलवार को प्रयागराज में किया जाएगा।

### बरौत-बिठौली मार्ग निर्माण को लेकर युवा पंचायत क्रांति ने दी आंदोलन की चेतावनी



**धनूपुर।** युवा पंचायत क्रांति ने बरौत-बिठौली मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी 30 दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर ह्लजेल भरो आंदोलनह्व शुरू किया जाएगा। युवा पंचायत क्रांति के संस्थापक सचिन तिवारी ने कहा कि बरौत-बिठौली मार्ग वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी, व्यापारी एवं मरीज आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास किसी क्षेत्र पर किया जाने वाला उपकार नहीं बल्कि जनता का अधिकार है। जब प्रदेश और देश के विकास की बातें होती हैं तो हंड़िया विधानसभा क्षेत्र के नागरिक भी समान अधिकारों के साथ विकास के हकदार हैं। सचिन तिवारी ने कहा कि युवा पंचायत क्रांति किसी राजनीतिक दल का मंच नहीं बल्कि युवाओं और ग्रामीण समाज की आवाज है। संगठन का उद्देश्य केवल समस्याएं उठाना नहीं बल्कि समाधान के लिए जन भागीदारी के माध्यम से सकारात्मक दबाव बनाना है। युवा पंचायत क्रांति ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों से मांग की है कि बरौत-बिठौली मार्ग के निर्माण हेतु तत्काल कार्ययोजना सार्वजनिक की जाए तथा निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रारम्भ कराया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि 30 दिनों के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो क्षेत्र की जनता के साथ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से व्यापक जेल भरो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभागों एवं प्रशासन की होगी।

### विश्व ब्राह्मण दिवस पर नव युवक ब्राह्मण समाज का संकल्पः राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता में निभाएंगे सक्रिय भूमिका

**सहसों।** नव युवक ब्राह्मण समाज द्वारा गारापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में विश्व ब्राह्मण दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और अखंडता में ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाज को और अधिक सशक्त और संगठित बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने कहा कि विश्व ब्राह्मण दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, सांस्कृतिक विरासत के स्मरण और राष्ट्र निर्माण में पूर्वजों के योगदान को याद करने का महत्वपूर्ण दिवस है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्मिकता और लोककल्याण की परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने महर्षि आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत और आचार्य चाणक्य जैसी महान विभूतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मनीषियों ने अपने ज्ञान, शोध और चिंतन से राष्ट्र तथा मानवता को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की परंपरा केवल नेतृत्व प्राप्त करने की नहीं, बल्कि योग्य नेतृत्व तैयार करने की रही है। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान परशुराम, मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे राष्ट्रनायकों का स्मरण करते हुए कहा कि जब-जब देश पर संकट आया, तब समाज ने शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र का मार्ग अपनाकर राष्ट्र की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि आदि शंकराचार्य और गोस्वामी तुलसीदास जैसे महापुरुषों ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में अहम योगदान दिया। युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि ब्राह्मण होना केवल जन्म से जुड़ी पहचान नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या, ज्ञान, सेवा और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने समाज की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सद्भाव के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजमणि शुक्ल, दिनेश पांडेय, मुन्ना शुक्ला, प्रवेश शुक्ल, प्रमोद शुक्ल, विजय तिवारी, अनुराग मिश्रा, भुनेश शुक्ल, रामचंद्र गिरी, रामशिरोमणि मिश्रा, कमलाकांत शुक्ल, डॉ ए एन मिश्रा, संजय पांडे, पंकज मिश्रा, आशीष शुक्ला एवं सूर्यमणि पांडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## मांडा में बेघर दो परिवार को जल्द आवंटित होगी भूमि

### प्रधान ने बढ़ाए कदम, हल्का लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर दिया आश्वासन

**मांडा।** मांडा ब्लॉक के बरहा कला ग्राम पंचायत के प्रधान राजेश्वर यादव बेघर परिवारों के लिए बड़े कदम आगे बढ़ाए हैं।उन्होंने बेघर दो परिवारों को जमीन आवंटित कराने को लेकर हल्का लेखपाल को बुलाकर अबिलमाब भूमि आवंटन की मांग किया है। मांडा ब्लॉक के बरहा कला ग्राम पंचायत में बीते वर्ष 2022 में तहसील प्रशासन ने उक्त गांव के महिगड़ा में तालाब की भूमि को खाली कराते हुए 16 परिवारों को बेघर कर दिया था।हालांकि 14 परिवारों को डीएम के निर्देश पर सरकारी भी एक माह बाद ही आवंटित कर दी गई थी,लेकिन दो परिवार भूमि से अब तक वंचित थे।वहीं सोमवार को दोनो पीड़ित ग्राम पंचायत के प्रधान राजेश्वर यादव के पास पहुंचे।पीड़ितो ने अपनी समस्या सुनाई।प्रधान ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए तत्काल हल्का लेखपाल मुकेश कुमार से वार्ता कर मैके पर बुलाया। प्रधान ने लेखापाल से वार्ता कर अबिलंब भूमि आवंटन हेतु एसडीएम को रिपोर्ट भेजने की बात कही।वहीं लेखापाल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसकी रिपोर्ट एसडीएम मेजा को भेजकर बेघर परिवारों को भूमि आवंटित कराई जाएगी।

मामले में हल्का लेखपाल मुकेश कुमार ने बताया की प्रधान के जरिए बेघर परिवारों की समस्या सुनकर तत्काल रिपोर्ट तैयार की जा रही है।जल्द ही दोनो परिवारों की समस्या दूर करा दी जाएगी।

## मांडा में अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या

### समाजसेवियों ने पावर हाउस पहुंचकर एसडीओ को 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** यमुनापार के मांडा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पांडेय के नेतृत्व में ग्रामीणों और समाजसेवियों ने मांडा रोड बिजली उपकेंद्र पहुंचकर एसडीओ अशोक कुमार को बीस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा भी मौके पर मौजूद रहे।

ज्ञापन में भीषण गर्मी के दौरान 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, जर्जर तारों को बदलने, खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत ठीक करने और किसानों को सिंचाई के लिए दिन में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल थी।

समाजसेवी विनोद पांडेय ने बताया कि पिछले एक महीने से क्षेत्र की जनता भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जूझ रही है। इससे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं, वहीं किसानों की फसलें भी सूख रही हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।

पांडेय ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्र में एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।ज्ञापन प्राप्त करने के बाद, एसडीओ अशोक कुमार ने आश्वासन दिया कि इसे उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा और तकनीकी खामियों को जल्द से जल्द दूर कराया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी अमित पांडेय, विकास तिवारी, विक्की, विपिन मिश्रा, विनोद द्विवेदी, लोधर शुक्ला, विंध्यवासिनी यादव, उमेश पाल, डीपी त्रिपाठी और गौरव मिश्रा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ शिव शक्ति धाम जंघई





अखंड भारत संदेश

**जंघई।** शिव शक्ति धाम मंदिर जंघई प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा में कथावाचक अतुल दास महाराज ने समापन दिवस पर त्रिपुरासुर का वध, बाणासुर पर कृपा, गजासुर का उद्धार, शिव के अवतारों का वर्णन किया। सोमवार को भंडारे के साथ प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण कथा का समापन हो गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। अतुल दास महाराज ने कथा के दौरान भगवान शिव परिवार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। मुख्य रूप से भगवान कार्तिकेय के जन्म और गणेश जी के पराक्रम के प्रसंगों को विस्तार से सुनाया गया। महाराज भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि देवताओं की रक्षा और दुष्ट शक्तियों के विनाश के लिए कार्तिकेय का अवतार हुआ था। कार्तिकेय को साहस, शक्ति और धर्म का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद भगवान गणेश के पराक्रम की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने अपने उबटन से गणेश जी की रचना की थी। भगवान शिव द्वारा गणेश जी का शीश अलग किए जाने और बाद में हाथी का सिर लगाकर उन्हें पुनर्जीवित करने का प्रसंग भी सुनाया गया। महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूज्य देव हैं और उनकी आराधना से सभी विघ्न दूर होते हैं। कथा स्थल पर भक्ति गीतों और 'शिव नाम' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने कथा श्रवण किया।इस अवसर? पर महंत चंद्रमा दास महाराज, पंडित विजय कुमार तिवारी, यज्ञाचार्य पंडित अजय पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित राहुल मिश्रा, शैलेष पाठक, यजमान निरंजन, पंडित अमितेश मिश्रा, पंडित आशु पांडेय, पंडित राज मिश्रा, राहुल दुबे, पंडित अखिलेश शुक्ला, अरविंद शुक्ला, देव मिश्रा अश्विनी उपाध्याय, नीरज शुक्ला, पंडित विजय पांडेय, लक्ष्मण प्रसाद साहू, शंकर लाल, कन्हैया, निरंजन, रामकृष्ण तिवारी, धर्मेश शुक्ला, राहुल दुबे, अशोक तिवारी, बद्रीनाथ पांडेय, अखिलेश पांडेय, मनोज दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे?।

## आज से भरूही भरारी में शुरू होगा श्रद्धा और भक्ति का भव्य समागम, श्रद्धालुओं में उत्साह



**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के भरुही भरारी में 2 जून को शतचंडी महायज्ञ एवं महा मृत्युंजय महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार से प्रारंभ होगा और 8 जून को पूणार्हुति, हवन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। आयोजन पं० कृष्णदेव शुक्ल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शैल देवी के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिदिन वैदिक पाठ, शतचंडी यज्ञ एवं महामृत्युंजय मंत्र जाप से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा।

आयोजकों ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में सुख शांति,आरोग्य एवं कल्याण की कामना है। इस आयोजन में प्रमुख रूप से उमेश चन्द्र शुक्ल, रमेश चन्द्र शुक्ल, ओम प्रकाश शुक्ल, सतीष चन्द्र शुक्ल, भोला नाथ तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ल (महेन्द्र), प्रेम शंकर तिवारी (रिन्कू विधायक), जय प्रकाश शुक्ल, सत्य प्रकाश शुक्ल, गणेश तिवारी, आनन्द शुक्ल,अभिषेक शुक्ल, अनुराग शुक्ल, आशुतोष शुक्ल, अथर्व, यथांश, नीरज पांडेय, सूरज, शिवांश तथा राधव आदि का सराहनीय सहयोग है। इस पावन कार्यकम के आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने एवं प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। गौरतलब है कि इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

## देश के युवा किसान और खिलाड़ी ही भारत की प्रगति के हैं असली वाहक : प्रेमशंकर सिंह

वरिष्ठ भाजपा नेता ने पीएम मोदी के मन की बात के 134वें एपिसोड में देश की प्रगति, विरासत,खेलों में बढ़ती लोकप्रियता और किसानों की भूमिका पर फोकस किए जाने पर दी प्रतिक्रिया कहा पीएम का दृष्टिकोण देश के हर क्षेत्र को दे रहा है नई दिशा

**मेजा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 134वें एपिसोड में देश की प्रगति,विरासत, खेलों में बढ़ते प्रदर्शन और किसानों की भूमिका पर विशेष फोकस किया गया। इस पर भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण देश के हर क्षेत्र को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने झारखंड में हुए नेशनल गेम्स का उल्लेख करते हुए खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की।कई खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए नए राष्ट्रीय



रिकॉर्ड से देश में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं। प्रेम शंकर सिंह ने बताया कि 100 मीटर रेस में गुरमिंदर सिंह के नए रिकॉर्ड पर प्रधानमंत्री ने उनसे फोन पर बातचीत कर शुभकामनाएं दीं और उनकी संघर्ष यात्रा को भी जाना। इसी क्रम में 200 और 400 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ के एक एथलीट द्वारा बनाए गए नए रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नजर हर क्षेत्र पर रहती है और वे लगातार देश के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रधानमंत्री ने नागरिकों को पानी, जूस, पना और दही जैसे पारंपरिक पेय पदार्थों के उपयोग की सलाह दी, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके। भाजपा नेता ने आगे कहा कि देश के अलग अलग राज्यों की विविधताएं हमारे खान-पान और पेय संस्कृति में झलकती हैं। खासकर आम की मिठास, उसकी विभिन्न किस्मों और उसके निर्यात पर भी चर्चा हुई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी मजबूत स्थिति में है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड दौरे के दौरान प्राप्त तमिल संस्कृति से जुड़ी पांडुलिपियों को अनमोल धरोहर बताया और इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। अंत में प्रेम शंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश यही है कि देश के युवा, किसान और खिलाड़ी ही भारत की प्रगति के असली वाहक हैं और उनके योगदान से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

## मुख्य टिकट अधीक्षक का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**नैनी।** नैनी क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में मुख्य टिकट अधीक्षक राकेश चौधरी के सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकर्मियों एवं गणमान्य लोगों ने राकेश चौधरी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार, भावेश चंद्रा, रविकांत त्रिपाठी, मिथलेश कुमार, अर्चना शर्मा, बंटी पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। समारोह का माहौल भावुक एवं सौहार्दपूर्ण रहा जहां सभी ने राकेश चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।

## विकास परियोजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का विधायक बारा ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश



**बारा, प्रयागराज।** सोमवार को बारा तहसील परिसर मे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक बारा डॉक्टर वाचस्पति ने किया। प्रदर्शनी में विद्युत, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। विशेष आकर्षण विद्युत विभाग की लगभग आठ सौ अठारह करोड़ रुपये की परियोजनाएं रहीं, जिनमें नए विद्युत लाइन विस्तार, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, ग्रामीण विद्युतीकरण और आरडीएसएस योजना के तहत संचालित कार्य शामिल थे। सड़क विकास के क्षेत्र में गौहनिया बाईपास, जारी-नौड़िया मार्ग, कपारी-जोरवट मार्ग, घूरपुर-प्रतापपुर मार्ग तथा गौहानी-बारा मार्ग समेत कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण कार्यों को प्रदर्शित किया गया।शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज, पुलिया और लघु सेतु निर्माण जैसी परियोजनाओं को क्षेत्रीय विकास की बड़ी उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया गया। विधायक निधि से दो सौ पैंतीस मार्ग, पूर्वांचल निधि से छियासी मार्ग, त्वरित योजना के तहत तेईस कार्य, राज्यांश योजना से चार मार्ग तथा नगर पंचायत परियोजनाओं के माध्यम से नौ मार्गों का निर्माण दशार्या गया। 2022 से 2026 तक विशेष मरम्मत एवं गड्ढा मुक्त अभियान के अंतर्गत तीन सौ पचानवे मार्गों को शामिल किए जाने का दावा भी किया गया। एक सौ नौ सोलर लाइट, तिरानवे हाईमास्ट लाइट और एक सौ तेरह वाटर कूलर स्थापित किए जाने की जानकारी भी दी गई। चार सौ पचपन मरीजों को आठ करोड़ चौआलीस लाख बावन हजार नौ सौ चौबीस रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने का विवरण भी प्रदर्शनी का प्रमुख केंद्र रहा। कार्यक्रम में आचार्य हरिकृष्ण शास्त्री, डाक्टर विनोद त्रिपाठी,जगत नारायण शुक्ल, नीरज केसरवानी आदि रहे।

# हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रध्छात्राओं को किया गया सम्मानित

**प्रतापगढ़। उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों के सम्मान में लोक भवन सभागार लखनऊ में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश भर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रतापगढ़ में भी आयोजित किया गया जहां जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 सरोज, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चंदी गोविंदपुर शशांक सिंह, राजकीय बालिका इण्टर कालेज के उप प्रधानाचार्य डा0 मो0 अनीस, मेधावी-छात्राओं, अध्यापको द्वारा कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के हाईस्कूल वर्ग के 10 छात्र-छात्राओ अमित कुमार विश्वकर्मा, पल्लवी




सिंह, आंचल पाण्डेय, प्रतिमान सिंह, अंशिका वैश्य, प्रियंका सिंह, शिवी श्रीवास्तव, शिवम पाण्डेय, वर्षा मंडल व रूचिका तिवारी तथा इंटरमीडिएट वर्ग के 9 मेधावी छात्र-छात्राओं संस्कृति सिंह, आदित्य कुमार विश्वकर्मा, सपना द्विवेदी, यश मौर्य, पलक, आकिब हुसैन, हंशवाहिनी विश्वकर्मा, अनामिका, काजल यादव को प्रमाण-पत्र एवं 21-21 हजार का डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल परीक्षा में प्राप्त अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उनके परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि जहां भी सार्वजनिक मंच प्राप्त हो, वहां निसंकोच होकर अपने विचार व्यक्त करें। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों के लिए समय की बबार्दी का कारण बन सकता है। इसलिए अनावश्यक रूप से सोशल मीडिया पर समय व्यतीत करने से बचें और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय का सदुपयोग करें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने की भी सलाह दी, जिससे उन्हें देश-दुनिया की गतिविधियों, समसामयिक घटनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हो सकें।

भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों की मेहनत एवं मार्गदर्शन का भी परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं।

## सर्पदंश से महिला की मौत, कोहराम



**लालगंज। सर्पदंश** से महिला की मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के इटैला निवासी विजय बहादुर सिंह की पत्नी अशोक कुमारी सिंह 48 को रविवार की देर शाम पांच बजे सांप ने डस लिया। मृतका घर में रखी फ्रिज के बगल डिब्बा रखने गयी थी। वहां सांप ने उसे डस लिया। चीख सुनकर परिजन दौड़े और आननफानन में अशोक कुमारी को लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। प्रतापगढ़ पहुंचते पहुंचते महिला की सांसे थम गयी। मौत की खबर घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की सुबह लालगंज पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर सर्पदंश से महिला की मौत की जानकारी होने पर राजस्व टीम सोमवार को गांव पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट पर तहसीलदार गरिमा वर्मा ने मृतका के परिजनों के लिए अहेतुक सहायता की डीएम को संस्तुति की है।

## बेटी की सहेली पर जेवरात चोरी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**पट्टी। कोतवाली क्षेत्र** के ठनेपुर गोपापुर गांव में घर से सोने के जेवरात चोरी होने के मामले में पीड़िता की बेटी की सहेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निवासी प्रतिक्षा पत्नी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी की सहेली साक्षी सिंह उर्फ बिटोला निवासी मझौली का उनके घर आना-जाना था। आरोप है कि 17 मई को साक्षी सिंह उर्फ बिटोला उनके घर आई थी। उस समय प्रतिक्षा अपने मायके गई हुई थीं और घर पर उनकी बेटी अकेली मौजूद थी। पीड़िता के अनुसार 25 मई से घर में महामृत्युंजय जाप का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान जब उन्होंने अपने बक्से में रखे जेवरात की जांच की तो सोने के आभूषण गायब मिले। चोरी हुए जेवरात में सोने का पुष्प, कुंडल, मांगटीका समेत अन्य आभूषण शामिल हैं। महिला का आरोप है कि घटना के दौरान घर में कोई अन्य बाहरी व्यक्ति नहीं आया था, इसलिए उन्हें बेटी की सहेली साक्षी सिंह उर्फ बिटोला पर चोरी का संदेह है। पूछताछ करने पर भी आरोपी ने आरोपों से इनकार किया।

## टीजीटी परीक्षा को लेकर सीआरओ ने की तैयारियों की समीक्षा

**प्रतापगढ़। जनपद** में आयोजित होने वाली प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी0जी0टी0) लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में दिनांक 03 एवं 04 जून 2026 को टीजीटी परीक्षा 33 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी जिसमें 13696 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2.30 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक आयोजित होगी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि टीजीटी परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, ओ0आर0एस0, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं साफ-सफाई की विशेष निगरानी रखी जाए, यदि इसमें



किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत पायी जायेगी तो कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। मुख्य राजस्व अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह नकल विहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों से कहा कि एक दिन पूर्व समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ले और जो भी कमियां पायी जाये सम्बन्धित के साथ बैठक कर उसे दुरूस्त करा लें। उन्होने कहा कि टीजीटी परीक्षा हेतु जो बुकलेट उपलब्ध करायी गयी है उसे ड्यूटी में लगे अधिकारी गहनता से अध्ययन कर लें जिससे परीक्षा को नकलविहीन एवं शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी जा सके। बैठक में सह जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 सरोज सहित सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अहंकार मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण-योगी शंभूनाथ महराज

**कुंडा। तहसील** क्षेत्र के कनावां गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। गोरक्षपीठ गोरखनाथ धाम, गोरखपुर से पधारे कथावाचक योगी शंभूनाथ शास्त्री जी महाराज ने भगवान विष्णु के वामन अवतार एवं राजा बलि के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए धर्म, विनम्रता और समर्पण का संदेश दिया। कथावाचक ने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण है, जबकि विनम्रता और सेवा भाव उसे ईश्वर की कृपा का पात्र बनाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर राजा बलि के अभिमान का हरण किया और यह संदेश दिया कि दान, धर्म तथा परोपकार तभी



फलदायी होते हैं, जब उनमें अहंकार का समावेश न हो। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के भीतर आध्यात्मिक चेतना जागृत कर उसे सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों और भगवान के जयघोष में सराबोर रहे। इस अवसर पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक राजा भैया के ज्येष्ठ पुत्र कुंवर शिवराज प्रताप सिंह (बड़े राजा) भी कथा स्थल पहुंचे और व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा विश्राम के पश्चात मुख्य यजमान सुशीला देवी एवं सुंदरलाल विश्वकर्मा ने विधि-विधान से भगवान की आरती उतारी तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में ममता विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, क्याना विश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, सिद्धार्थ विश्वकर्मा (वीरू), विनायक विश्वकर्मा (छोटू), प्रधान शिवशरण विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा प्रधान, संदीप विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, राधेश्याम यादव, अनुज विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा सहित अनेक लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। कथा स्थल पर प्रतिदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। ग्रामीणों में कथा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## मारपीट में महिला समेत कई घायल, तीन पर मुकदमा

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव में हरिजन आबादी की जमीन को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट हो गई। मामले में एक वृद्ध महिला सहित कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी प्रेमचंद पुत्र वृद्धू निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी राजनाथ, उदयानाथ और अजय पुत्रगण राम समुद्र ने 29 मई को उसकी हरिजन आबादी में रखा छप्पर जबरन उखाड़कर फेंक दिया था। इसकी शिकायत लेखपाल से की गई थी। 30 मई को लेखपाल द्वारा भूमि की पैमाइश कर आबादी की जमीन चिन्हित कर दी गई, जिसके बाद प्रेमचंद अपना छप्पर पुनः ठीक करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान लगभग दोपहर 12 बजे राजनाथ, उदयानाथ और अजय, विश्वरमा पुत्र राम केवल के उकसाने पर लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी और फावड़ा लेकर मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रेमचंद और उसके परिवार के लोगों की पिटाई शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान अजय ने उसकी करीब 80 वर्षीय पत्नी सुखदेई के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रेमचंद को भी सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं।

## उपसचिव बनाये जाने पर हर्ष , गांव में खुशी की लहर



**बेलखरनाथ धाम। रायबरेली** में तैनात प्रधानाचार्य राजीव कुमार सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद का उपसचिव बनाये जाने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुये इसके लिए प्रदेश सरकार को बधाई दी है। राजकीय इंटर कॉलेज टेरा बरौला रायबरेली के प्रधानाचार्य राजीव कुमार सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद में उपसचिव बनाया गया है।इसी तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विशाल वर्मा को शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में सहायक शिक्षा निदेशक बनाया गया है।दोनों नियुक्तियों पर अनेक लोगों ने स्वागत करते हुये इसके लिए शासन को बधाई दी है।जिसमें पीसीएस अधिकारी शशांक सिंह,अजय प्रकाश सिंह, डॉक्टर अभय सिंह, राघव सिंह, संजीव सिंह, चिरंजीव सिंह, प्रधान भारत सिंह, पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह तथा अधिवक्ता सचिन सिंह ने राजीव प्रताप सिंह के बेलखरनाथ धाम के नौहर हुसैनपुर स्थित आवास पर पहुंचकर इसके लिए हर्ष व्यक्त किया है।

## दर्शनार्थी की बाइक मंदिर परिसर से चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**बेलखरनाथ धाम। सोमवार** को पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ में पूजा अर्चना करने आए दर्शनार्थी की सुपर स्पेलेन्डंर बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर अठगंवा गांव निवासी राजकुमार मिश्रा प्रत्येक सोमवार सुबह बाबा बेलखरनाथ धाम शिव मंदिर में जलाभिषेक करने जाते हैं। सोमवार को सुबह वह मंदिर परिसर के समीप बने पुलिस




बैरियर के पास बाइक खड़ी कर-के मंदिर दर्शन पूजन करने चले गए। वापस लौट तो बाइक से चोरी हो गई थी। पीड़ित ने मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी व स्थानीय चैकी इंचार्ज को सूचना दी।काफी खोजबीन के बाद बाइक का पता नहीं चला सका। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।इस संबंध में चैकी प्रभारी बेलखरनाथ देवेंद्र पाठक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं चोरों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा। वहीं दर्शन पूजन करने वाले श्रद्धालुओं ने धाम में इस तरह की घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने जाने की मांग की है।

## सड़क हादसे में पत्रकार घायल

**पट्टी। तहसील** क्षेत्र के अशोकपुर गांव निवासी एवं डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े पत्रकार अंकित पांडेय सोमवार को किसी निजी कार्य से प्रतापगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान पिपरी खालसा मोड़ के पास उनकी बाइक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पत्रकारों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय लोगों में चिंता का माहौल बन गया।

## बांस काटने के विवाद में युवक पर लाठी-डंडे से हमला

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के आशापुर अठगवां गांव में बांस काटने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी श्यामलाल पुत्र परासनाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे उनके हिस्से की बाग में स्थित बांस की कोठी से गांव के राजेश व निखिल बांस काट रहे थे। विरोध करने के लिए उनका पुत्र अजीत कुमार मौके पर पहुंचा तो विवाद शुरू हो गया।आरोप है कि इसी दौरान राजेश का पुत्र निखिल लाठी-डंडा तथा कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गया और अजीत कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके सिर पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में अजीत के सिर में गंभीर चोट लग गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद राजेश का दूसरा पुत्र रवि भी मौके पर पहुंच गया और दोनों ने मिलकर मारपीट की।शोर-शराबा सुनकर परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।पुलिस ने श्यामलाल की तहरीर के आधार पर आरोपित राजेश व निखिल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़। लीलापुर** थाना क्षेत्र के बासूपुर पौड़िया में पेड़ से युवक के लटके शव को देखकर हडकंप मच गया। युवक की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चा का भी गांव में माहौल बना देखा गया। वहीं मृतका की मां की ओर से रोते बिलखते बेटे की गला दबाकर हत्या की आशंका जताये जाने से पुलिस भी घटना को लेकर क्लू तलाशने में जुटी बतायी जाती है। गांव के बैजनाथ जोशी का पुत्र आनन्द जोशी 25 का शव सोमवार की सुबह घर से लगभग चार सौ मीटर दूर एक आम के पेड़ में लटकता पाया गया। सुबह छः बजे गांव की कुछ महिलाएं उधर शौच को गयी थी। डाल पर युवक का शव देखकर महिलाओं की चीख निकल पड़ी। शोर सुनकर बडी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्रित हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय



भेजवाया। चर्चा के मुताबिक मृतक आनन्द रविवार की आधी रात घर के सामने दुकान पर गुटखा लेने निकला था। युवक की मौत से उसकी मां सत्तर वषीर्या मुन्चा का विलाप देखकर लोगों की आंखे भर आयीं। मां ने रोते बिलखते बेटे की गला दबाकर हत्या की आशंका जतायी है। वृद्धा की आशंका को लेकर पुलिस के सामने भी घटना को लेकर असमंजस बढ़ा देखा गया। वहीं दोपहर बाद मृतक का शव पीएम के बाद घर पहुंचा तब फिर कोहराम मच गया। सूत्रों के मुताबिक परिजनों ने उच्चाधिकारियों को बुलाए जाने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार को लेकर निर्णय नहीं लिया। करीब आठ वर्ष पहले मृतक के भाई राजेश जोशी की भी दुर्घटना में मौत हो गयी थी। अपनी वृद्धा मां का एक मात्र सहारा था। उसके पिता की भी मौत हो चुकी है। वह पांच बहनों में इकलौता भाई था। मृतक की अभी शादी नहीं हुई थी।

### असलहे की नोंक पर दबंगों ने बोला धावा

## पांच नामजद व साठ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**लालगंज। दबंगों** द्वारा असलहे की नोंक पर पीड़िता का जेसीबी से घर गिराने के प्रयास तथा मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी व तोडफोड़ को लेकर लालगंज पुलिस ने पांच नामजद व सात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे भवन मोठिन निवासी शीतला प्रसाद की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस मई को सुबह आठ बजे दबंगों ने चारपहिया व दोपहिया वाहनों तथा जेसीबी के साथ उसके घर धावा बोल दिया। गांव के आरोपी रामकृष्ण द्विवेदी उर्फ पण्डित दुबे पुत्र रामनिहोर, आनन्द द्विवेदी व पंकज द्विवेदी पुत्रगण रामनिहोर एवं सुरेश धुरिया व साठ अज्ञात आरोपियों द्वारा तीन स्कार्पियों एवं दस से अधिक दो पहिया वाहनों से पहुंचकर जेसीबी से उसका घर गिराने लगे।

तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने रिवाल्वर तथा पिस्टल व लाठी डंडे तथा कुल्हाडी से लैस होकर विरोध करने पर गालीगलौज शुरू की। इसके बाद आरोपियों द्वारा पीड़िता व उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

# मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, मेडल व रुपए-21 हजार धनराशि की डमी चेक प्रदान कर किया सम्मानित

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उ.प्र. राज्य महिला आयोग सदस्य ने हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप 10 सूची में सम्मिलित मेधावियों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं उ.प्र. राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने सोमवार को उदयन सभागार में आयोजित माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र, प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप 10 सूची में सम्मिलित मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उ.प्र. राज्य महिला आयोग सदस्य ने हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप 10 सूची में सम्मिलित मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, मेडल व रुपए-21 हजार धनराशि की डमी चेक प्रदान कर सम्मानित किया समारोह में हाईस्कूल परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों-सौरभ कुमार मौर्य, रिया यादव, खुशी देवी, आर्थिक द्विवेदी, विपिन सिंह व नेहा देवी एवं धनपत्ति देवी श्याम नारायण इंटर कॉलेज थूलगुला की विद्यार्थी अंकिता व अनुष्का श्रीवास्तव, रणजीत पंडित इंटर कॉलेज शहजादपुर के विद्यार्थी सत्यम कुमार,दिलीप सिंह इंटर कॉलेज के विद्यार्थी अभय विश्वकर्मा, यू0एस0 इंटर कॉलेज सिराथू की विद्यार्थी जान्हवी तथा हनुमान इंटर कॉलेज अजुहा के विद्यार्थी श्रेष्ठ कुमार को सम्मानित किया गया समारोह में इण्टर मीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में स्थान




प्राप्त करने वाले धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों अंजली देवी, सिद्धार्थ सिंह, अर्पित सिंह व रश्मि यादव, यू0एस0 इंटर कॉलेज सिराथू की विद्यार्थियों सेजल देवी, गरिमा कुशवाहा व काव्या केसरवानी, विट्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन इंटर कॉलेज की विद्यार्थी काजल केसरवानी, सम्पत्ति देवी लघु ग्रामीण उद्योग इंटर कॉलेज के विद्यार्थी अंकुर सिंह एवं एम0एस0 इंटर कॉलेज सिराथू के विद्यार्थी लवकुश कुमार को सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने समारोह को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता के साथ ही उनके अध्यापकों को भी महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग ऐसे ही जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री का लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उदयन सभागार में किया गया तथा तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज केसरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम सिरियावां कला में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशांबी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी,चायल अरूण कुमा? ने आज ग्राम सिरियावां कला में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 04 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिकायतकर्ता महेश कुमार की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या-295 की पैमाइश कर चिन्हित किया गया तथा इस आराजी पर बनें घरों पर धारा-67 की कार्यवाही शुरू की गई। इसी प्रकार शिकायतकर्ता सुभाष चन्द्र की शिकायत पर आराजी संख्या-22 में पट्टे की भूमि को चिन्हित कर कब्जा दिलाया गया। शिकायतकर्ता सौखी की शिकायत पर आराजी संख्या-244 की मेड़ का चिन्हांकन किया गया। शिकायतकर्ता देवकली की शिकायत पर आराजी संख्या-22 में पट्टे की भूमि को चिन्हित कर कब्जा दिलाया गया। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### हनुमान मंदिर अझुवा में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के जीटी रोड स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में सोमवार को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमत निकेतन सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण के बीच समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी चंद्रपाल सिंह सहित समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अशोक केसरवानी, अश्वनी बाजपेयी, रामबाबू मोदनवाल, विपिन मोदनवाल, संजीव केसरवानी, अखिलेश केसरवानी, राधेश्याम केसरवानी, विमल, अजय केसरवानी, उज्ज्वल केसरवानी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

### अधिशासी अधिकारी व मुहर्रिर की विदाई पर भावुक हुआ नगर पंचायत परिवार



**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह तथा सेवानिवृत्त हुए नायब मुहर्रिर सुरेश सिंह यादव को भावभीनी विदाई दी गई।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों,सभासदों एवं कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह को माल्यार्पण कर उनके संक्षिप्त कार्यकाल की सराहना करते हुए नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में नगर पंचायत के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने का प्रयास किया।वहीं नगर पंचायत में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले नायब मुहर्रिर सुरेश सिंह यादव के 60 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विदाई समारोह में उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। उपस्थित लोगों ने उनके समर्पण,कार्यकुशलता और व्यवहार की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा, प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, वरिष्ठ सभासद प्रतिनिधि फूलचंद्र केसरवानी, सभासद रामबाबू मोदनवाल सहित नगर पंचायत के सभासद,कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प मालाएं भेंट कर सम्मानित किया।

### अझुवा नगर पंचायत को मिला नया अधिशासी अधिकारी, सुभाष चंद्र सिंह का तबादला

**अझुवा कौशाम्बी।** शासन स्तर पर नगर निकाय प्रशासन में किए गए फेरबदल के तहत नगर पंचायत अझुवा को नया अधिशासी अधिकारी मिल गया है। नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर पंचायत अझुवा में तैनात अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें नगर पंचायत तंबौर,जनपद सीतापुर में तैनात किया गया है।जारी आदेश में सुभाष चंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत इसकी सूचना शासन एवं नगर निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।वहीं इससे पूर्व जारी आदेश के तहत नगर पंचायत बलदेव के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार को नगर पंचायत अझुवा के रिक्त पद पर तैनात किया गया था। अब नए आदेश के बाद नगर पंचायत में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि सुभाष चंद्र सिंह का कार्यकाल अझुवा नगर पंचायत में लगभग एक माह का ही रहा। उनके स्थानांतरण की खबर सामने आते ही नगर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि बार-बार अधिकारियों के स्थानांतरण से विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है,जबकि कुछ लोग इसे शासन की नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहे हैं।नगर पंचायत में इससे पहले अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह तथा सुभाष चंद्र सिंह के कार्यकाल में विभिन्न विकास कार्य कराए गए थे। अब लोगों की निगाहें नए अधिशासी अधिकारी संजय कुमार पर टिकी हैं कि वे नगर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को किस गति से आगे बढ़ाते हैं।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को एडीएम ने किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत संचालित हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने वाले प्रगणकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण में एचएलओ का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण करने वाले प्रगणक रितु सिंह, राज सिंह, संतलाल, विकास कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार,नीरज श्रीवास्तव, मोहम्मद शाहनवाज, प्रवीण कुमार, अनीता देवी एवं उमा यादव को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना किया जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय गतिविधियों में से एक है,जिसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने सभी प्रगणकों से जनगणना कार्य को पूर्ण निष्ठा,पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करने का आह्वान किया। उन्होंने सम्मानित प्रगणकों को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्धारित समय से पूर्व कार्य पूर्ण करना अन्य कार्मिकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## एनएचएआई ने शुरू किया अवैध कट बंद कराने का अभियान

**कौशांबी।** नेशनल हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल के निर्देश पर एनएचएआई ने हाईवे किनारे बने अवैध कटों को बंद कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार से अभियान की शुरूआत होते ही पेट्रोल पंपों के सामने बने अनाधिकृत कटों को बंद कराया गया।बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंपों के सामने मेन हाईवे से सीधे जोड़कर बनाए गए कई कट हादसों की बड़ी वजह बन रहे थे। इसी को देखते हुए एनएचएआई ने कार्रवाई करते हुए ऐसे कट बंद कराने का काम शुरू कर दिए हैं। अजुहा से कोखराज तक हाईवे किनारे बने सभी अवैध कटों को चिन्हित कर बंद कराया जा रहा है। दो दिन पहले उपजिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़, क्षेत्राधिकारी सिराथू सतेन्द्र तिवारी, एआरटीओ कौशांबी पीडब्ल्यूडी एक्सीयन और एनएचएआई की संयुक्त टीम ने हाईवे का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर कट बंद कराने का फैसला लिया गया था। प्रशासन का मानना है कि हाईवे पर अनाधिकृत कटों की वजह से लगातार सड़क हादसे हो रहे थे। अब कार्रवाई शुरू होने से दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। सोमवार से शुरू हुए इस अभियान को लेकर इलाके में चर्चा बनी हुई है।

## बिजली,गैस सिलेंडर के बढ़े दामों व अनियमित बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का चरवा में प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** विगत दिनों सरकार के द्वारा बिजली के 10 प्रतिशत सरचार्ज बढ़ाए जाने व व्यवसायिक गैस सिलेंडर एवं छोटे गैस सिलेंडर और अघोषित अनियमित बिजली कटौती के विरोध में नगर पंचायत चरवा में सोमवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया इस दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सिद्ध कर दिया कि वो गरीबों एवं आम जनता की पार्टी नहीं बल्कि अमीरों की सरकार है वो केवल अमीरों का उद्धार चाहती है बिजली के दामों के 10 प्रतिशत वृद्धि कर आमजनता की जेबों पर गहरा प्रभाव डाला है गैस सिलेंडर के दाम को बढ़ाकर व्यापारियों की रोजी रोटी पर चोट दे रही है। इसके साथ ही आमजनता बिजली के अनियमित कटौती एवं बिना किसी रोस्टर के बिजली से परेशान हो चुकी है इस भयंकर गर्मी में। यह भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया कि वो अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब करने वाली सरकार चल रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने यह भी बताया कि चरवा में टाटा फीडर,काजू फीडर और समूचे नगर में बिना रोस्टर के बिजली दी जा रही है जब चाहते है तब काटते हैं जब चाहते है तब बिजली देते है। लेकिन अब इनकी मनमानी की सीमा पार हो चुकी है अगर इन नियमों में सुधार नहीं हुआ तो हम बड़ा जन आंदोलन करेंगे और जनता को उसका अधिकार दिलाएंगे। और भाजपा सरकार को आम जनता अब इनको इन्हीं के भाषा में जवाब देगी। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास, उदय यादव, जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया, जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, हेमंत रावत, इंद्रपाल रैदास, बिफई लाल,राकेश पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी, रोहित पाल, प्रियांशु त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, अनिल यादव, बड़का रैदास, मंजीत सिंह, अवधेश कुमार, संदीप कुमार, प्रदीप गौतम, राहुल यादव, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## चोरी की भैस व भैस के बच्चे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावां निवासी सोनू सिंह पुत्र सन्तोष सिंह ने दिनांक 31.05.2026 को महेवाघाट थाना पर सूचना दी कि बीती रात्रि में मेरे घर के सामने बधी भैस व भैस का बच्चा चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया था जिसकी खोजबीन कर रहे थे तभी जानकारी मिली की टेवा का सन्तोष सरोज जानवरों की चोरी करता है जिसपर मै अपने रिस्तेदारों के साथ टेवा स्थित सन्तोष कुमार के घर पर पहुंचा तो देखा की उसके घर के सामने मेरी भैस व उसका बच्चा बँधी हुई थी । जिसपर मैने अपने रिश्तेदारों की मदद से भैस व भैस का बच्चा तथा सन्तोष सरोज को पकडकर थाने पर लेकर आया हूँ तहरीर के आधार पर थाना महेवाघाट पर मु0अ0सं0 95/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत करते हुये अभियुक्त सन्तोष सरोज पुत्र जगरुप सरोज ग्राम टेवाँ थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया ।विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने भूमि विवाद की 03 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण




**कौशांबी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा ‟टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश ने सोमवार को तहसील मंझनपुर की ग्राम कुम्हियावां में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प मं राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम की आराजी संख्या-65, भूमिधरी भूमि विवाद को दोनों पक्षों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर समाधान किया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता संदीप की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या-51, चकरोड की पैमाइश कर चिन्हांकित किया गया। शिकायतकर्ता युवराज की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या-35, नाली भूमि की पैमाइश कर चिन्हांकित किया गया।अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह. सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपराध नियंत्रण में जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**कौशांबी।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशांबी सत्यानारायण प्रजापत के निर्देशन में एक विशेष मोबाइल नंबर 9454177553 जारी किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जिले में होने वाले अपराधों, विशेष रूप से संगठित अपराधों से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को इस नंबर पर साझा करें। साथ ही यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा रिश्वत मांगने या भ्रष्टाचार की शिकायत हो तो उसकी जानकारी भी दी जा सकती है। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कौशांबी पुलिस ने अपराधमुक्त समाज के निर्माण के लिए जनता से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की है।

## उप जिलाधिकारी ने ग्राम ख्वाचकीमई में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशांबी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी,सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने सोमवार को ग्राम ख्वाचकीमई में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 04 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम की गाटा संख्या-155, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया गया एवं मौके पर ही अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। शिकायतकर्ता चन्द्रावती की शिकायत पर उभयपक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर गाटा संख्या-197, भूमि विवाद का समाधान किया गया। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## नाम परिवर्तन के विरोध में फाउंडेशन का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**अझुवा कौशाम्बी।** क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन के नेतृत्व में सोमवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय, कोइलहा का नाम बदले जाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने डायट मैदान से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया तथा जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा।फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनिल कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2009 में तत्कालीन सरकार द्वारा विद्यालय की स्थापना भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम पर की गई थी। उनका आरोप है कि वर्ष 2017 में विद्यालय का नाम बदल दिया गया था,जिसे बाद में वर्ष 2021 में पुनः बहाल कर दिया गया। अब अप्रैल 2026 में विद्यालय का नाम बदलकर जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय किए जाने से फाउंडेशन के सदस्यों में नाराजगी है प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि विद्यालय का नाम पुनः सावित्रीबाई फुले के नाम पर बहाल किया जाए। साथ ही फाउंडेशन की राष्ट्रीय संयोजक इंदु मेहता ने ज्ञापन के माध्यम से सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ‟भारत रत्न‟ से सम्मानित किए जाने की मांग भी उठाई।ज्ञापन में कहा गया कि सरकार महापुरुषों के नाम पर नई शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करे,लेकिन पहले से स्थापित संस्थाओं के नाम बार-बार बदलना उचित नहीं है। इस दौरान सुरेश मौर्य, दीपक सिंह हर्षवर्धन कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, ज्ञान कुशवाहा, अशोक तपसी, भोलानाथ, ब्रिजेश मौर्य, चंदन सरोज, सोममती देवी, सुशीला देवी, आराधना मौर्य, डॉ. हरिशचंद्र कुशवाहा, मिथलेश मौर्य, सोहन लाल, वेद प्रकाश, राधेश्याम कुशवाहा, चंद्रशेखर विश्वकर्मा सुनील कुशवाहा सहित फाउंडेशन के सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सफेद पाउडर रूपी दानव ने स्मैक के रूप में कौशाम्बी जिले में पसारे अपने पाँव

अभी तक तो केवल गांजे के नशे में धुत्त रहते थे लोग लेकिन गांजे से भी खतरनाक स्मैक ने भी कौशाम्बी जिले में बड़े पैमाने में अपना पैर पसार लिए है।स्मैक वह नशा है जो घर परिवार सबको नाश कर देता है।

**इसके गिरफ्त में आकर नौजवान बर्बाद कर रहे है अपना भविष्य**

**कौशाम्बी।** जिले में सफेद पाउडर रूपी दानव की स्मैक के रूप में बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।क्या आबकारी विभाग को इसकी जानकारी नही है।ऐसा असंभव है।यदि देखा जाय तो केवल सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र में इसकी बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।ऐसा नही है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नही है सबकुछ जानकर भी अनजान बने हुए है।प्रयागराज से इसकी सप्लाई की जाती है।सूत्रों के अनुसार प्रयागराज के सप्लायर आते है और सफेद पाउडर देकर जाते है।यदि स्मैक बेचने वाले को प्रशासन दबोच ले तो सारी जानकारी मिल सकती है।लेकिन प्रशासन ऐसा क्यों करेगी क्योंकि उनका लाभ बन्द हो जाएगा सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र में कुछ ऐसे भी कर्मचारी है जो कोतवाली प्रभारी को इसकी जानकारी भी नही होने देते है और अपना उल्लू सीधा करते रहते है।अगर जिले को संभालने वाले आबकारी विभाग के जिम्मेदार यदि इसी तरह से अनदेखी करते रहेंगे तो एक दिन ऐसा आएगा कि गली गली समैकिया नशे में धुत होकर पड़े नजर आएंगे।

## अपनी मांगों को लेकर पंचायत सहायकों का प्रदर्शन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जनपद के पंचायत सहायकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में पंचायत सहायक डायट मैदान स्थित धरना स्थल पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की पंचायत सहायकों ने कहा कि वे ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवाओं के संचालन,सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन,अभिलेखों के रखरखाव तथा पंचायत सचिवालय के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मात्र छह



हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में बेहद कम है ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने, स्थायी सेवा नियमावली लागू करने, पंचायत सहायक पोर्टल एवं ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली शुरू करने, विभागीय मोबाइल फोन,इंटरनेट एवं स्टेशनरी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड की सुविधा, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू करने की भी मांग की गई यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जून 2026 को लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदेशव्यापी शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## सम्पादकीय

### रुपये की गिरावट एक गंभीर चेतावनी, सरकार नजरअंदाज नहीं कर सकती

**संकट** यह नहीं है कि रुपया कमजोर हो गया है। हर उभरते बाजार की मुद्रा, दबाव पड़ने पर कमजोर होती है। असली संकट यह है कि भारत दो ऐसी स्थितियों के बीच फंसा हुआ दिख रहा है, जो दोनों ही समान रूप से असहज हैं– या तो रुपये को अनियंत्रित रूप से गिरने दिया जाए, जिससे घबराहट फैलने का खतरा है; या फिर उन स्तरों को बचाने के लिए रिजर्व को खर्च किया जाए।

भारत का रुपया सिर्फ कमजोर ही नहीं हो रहा है बल्कि यह एक ऐसी अर्थव्यवस्था की ढांचागत कमजोरियों के बारे में एक चेतावनी का संकेत दे रहा है, जिसने दो दशक तक विकास का जश्न मनाया, लेकिन आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और बाहरी कमझ़ोरियों जैसे ज्यादा मुश्किल सवालों को टालती रही। जब इस हफ्ते मुद्रा डॉलर के मुकाबले ९६ के पार फिसल गई– जबकि साल की शुरूआत में यह ९० के आस-पास थी– तो नीति-निर्धारण से जुड़े कुछ लोगों की सहज प्रतिक्रिया यह थी कि इस संकट को भू-राजनीति का एक दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा माना जाए : जैसे अमेरिका-ईरान संघर्ष, होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और डॉलर का मजबूत होना। यह सब सच है लेकिन इनमें से कोई भी बात पूरी तरह से रुपये की गिरावट की तस्वीर नहीं बताती।

सालों तक, भारत की व्यापक आर्थिक कहानी कुछ सुकून देने वाली मान्यताओं पर टिकी रहीः कि विदेशी निवेशक घाटे की भरपाई करते रहेंगे, कि विदेश से आने वाला पैसा (रेमिटेंस) बाहरी झटकों से बचाव करेगा।

# डिजिटल आक्रोश या नया राजनीतिक विकल्पः 'कॉकरोच जनता पार्टी' के उभार के मायने

**अशांशु संचेती**

**देश** के मौजूदा राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए इस आंदोलन के पीछे एक और गहरी राजनीतिक साजिश या प्रोपेगैंडा होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। राजनीतिक गलियारों में यह गंभीर चर्चा भी चल रही है कि कहीं यह 'कॉकरोच जनता पार्टी' खुद सत्ताधारी दल यानी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा ही पर्दे के पीछे से प्रायोजित किया गया कोई प्रयोग तो नहीं है? भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया और मीम्स अब केवल मनोरंजन या समय काटने का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि वे व्यवस्था के खिलाफ पनप रहे एक बहुत बड़े और गहरे असंतोष को व्यक्त करने का सबसे धारदार हथियार बन चुके हैं। हाल के दिनों में इंटरनेट की दुनिया में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) नाम का एक बेहद अजीबोगरीब और अभूतपूर्व डिजिटल आंदोलन तेजी से उभरा है, जिसने मुख्यधारा के राजनीतिक पंडितों और समाजशास्त्रियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, विशेषकर इंस्टाग्राम, एक्स और फेसबुक पर इस तथाकथित आभासी पार्टी के फॉलोअर्स की संख्या रातों-रात लाखों से होती हुई करोड़ों में पहुंच चुकी है। देश का युवा वर्ग, जो अक्सर अलग-अलग वैचारिक, धार्मिक और क्षेत्रीय दायरों में बिखरा रहता है, इस समय पहली बार एक सुर में इस आत्म-निंदा से भरे 'कॉकरोच' ब्रांडिंग के पीछे एकजुट खड़ा दिखाई दे रहा है। लेकिन इस डिजिटल सुनामी के बीच कई गंभीर सवाल भी तैर रहे हैं। सवाल यह है कि इस पूरी मुहिम के पीछे असल में कौन लोग हैं, इनका वास्तविक एजेंडा क्या है, और क्या भारतीय जनता का यह तीखा गुस्सा किसी वास्तविक राजनीतिक या सामाजिक बदलाव की ओर बढ़ रहा है, या फिर यह भी इतिहास के अन्य आंदोलनों की तरह केवल एक और चुनावी 'वोट-काटू' प्रोपेगैंडा बनकर रह




जाएगा? इस पार्टी के बारे में कोई भी अंतिम धारणा बनाना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि डिजिटल दुनिया की हवा जितनी तेजी से चलती है, उतनी ही तेजी से बदल भी जाती है। इस पूरे विवाद, गुस्से और आंदोलन की जड़ें सीधे तौर पर देश की सर्वोच्च अदालत की एक तल्ख टिप्पणी से जुड़ी हुई हैं। हाल ही में एक संवेदनशील मामले की सुनवाई के दौरान माननीय मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कथित तौर पर बेरोजगार युवाओं, सोशल मीडिया पर सक्रिय एक्टिविस्टों और बार-बार आरटीआई लगाने वाले कार्यकताओं के संदर्भ में 'कॉकरोच' (तिलचट्टा) और 'परजीवी' जैसे बेहद कड़े और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, जब इस टिप्पणी को लेकर चौतरफा आलोचना शुरू हुई और सोशल मीडिया पर गुस्सा उबलने लगा, तो सुप्रीम कोर्ट और स्वयं सीजेआई की ओर से एक स्पष्टीकरण भी सामने आया, जिसमें कहा गया कि उनके बयान को संदर्भ से बाहर जाकर तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया था और वे दरअसल केवल 'फर्जी डिग्री' धारकों और ब्लैकमेलिंग करने वाले तत्वों की बात कर रहे थे। लेकिन राजनीति और जनभावनाओं की दुनिया में तब तक तीर कमान से छूट चुका था और जो संदेश जनता तक जाना था, वह जा चुका था। देश के पढ़े-लिखे लेकिन बेरोजगार युवाओं, अधिकारों के लिए लड़ने वाले एक्टिविस्टों और आम नागरिकों को यह भाषा सीधे अपने आत्मसम्मान पर चोट जैसी लगी। युवाओं को लगा कि एक लोकतांत्रिक देश में, जहां उन्हें राष्ट्र निमार्ता कहा जाना चाहिए।

# यूएई से नॉर्डिक तक : भारत की कूटनीति, अवसर और अंतर्विरोध

**अरुण कुमार डनायक**

**भारत** अपनी कूटनीति में पूर्णतः किसी एक ध्रुव के साथ नहीं, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता के साथ आगे बढ़ रहा है। नॉर्डिक दौरे में भारत को हरित ऊर्जा, तकनीक व निवेश में–नॉर्वे, स्वीडन और नीदरलैंड के साथ–ठोस लाभ मिले। यूएई यात्रा ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी होती, यदि भारत ईरान पर हुए हमलों पर अपनी स्पष्ट चिंता जताता।

मई 2026 की नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा में अनेक अहम समझौते हुए–जिनमें रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण, एलपीजी आपूर्ति, सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर, वदीनार शिप रिपेयर क्लस्टर, रक्षा साझेदारी तथा आरबीएल बैंक व सम्मान कैपिटल में निवेश शामिल हैं। द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2032 तक 200 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। यूएई में 40 लाख भारतीयों की उपस्थिति आपसी संबंधों की मजबूती दशार्ती है। इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड और अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी के समझौते के तहत अबूधाबी भारत में 30 मिलियन बैरल तक तेल भंडारित कर सकेगा। यह लीज मॉडल है–सुविधा भारत की, पर स्वामित्व अबूधाबी का। आपातकाल में भारत को केवल 'प्राथमिक पहुंच' मिलेगी, जो पूर्ण गारंटी नहीं देती। भंडारण का अधिकांश खर्च भारत वहन करेगा, जबकि अबूधाबी को वाणिज्यिक लचीलापन मिलेगा। इसलिए इसे पूर्णतः 'परस्पर लाभकारी' कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इस अतिरिक्त स्टॉक की उपलब्धता से हमारी आयात निर्भरता और कम रणनीतिक भंडारण की मूल समस्या



को पूरी तरह हल नहीं करता। यूएई की वेस्ट-ईस्ट पाइपलाइन परियोजना अभी निर्माणाधीन है और इसके 2027 में पूरा होने की संभावना है। यह हबशान से फुजैराह तक कच्चा तेल ले जाने वाली लाइन है, जो होर्मुज पर निर्भरता कम करने की यूएई की अपनी निर्यात सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। इसलिए इसे भारत के तत्काल लाभ के रूप में प्रस्तुत करना अतिशयोक्ति होगा। दुबई यात्रा को लेकर कुछ स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं। दुबई ऊर्जा क्षेत्र का प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी नहीं है, और खाड़ी संकट के बाद भारत का व्यापारिक झुकाव सिंगापुर की ओर बढ़ा है। टैक्स हेवन, अपारदर्शी निवेश व संदिग्ध वित्तीय नेटवर्क से जुड़ी उसकी ऐतिहासिक छवि, सुधारों के बावजूद, जटिल रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री की आठ यात्राएं नीति प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती हैं। भारत को अबू धाबी केंद्रित ऊर्जा सहयोग और दुबई आधारित वित्तीय संपर्कों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना चाहिए, ताकि अनावश्यक अटकलों से बचा जा सके। भू-राजनीतिक तनावों के बीच यूएई की यह यात्रा समयोचित भी नहीं लगती। विशेषज्ञ होर्मुज संकट को संरचनात्मक मानते हैं, जिससे 2026 में भारत की जीडीपी घटने व अर्थव्यवस्था पर दबाव संभव है। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा हेतु ईरान के साथ संतुलित कूटनीतिक संवाद जरूरी है, क्योंकि होर्मुज की चाबी उसी के पास है ; केवल यूएई पर निर्भरता एकतरफा रणनीति हो सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड यात्रा से भारत को सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन, डेयरी, कृषि प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण समझौते हासिल हुए। दोनों देशों ने व्यापार व निवेश बढ़ाने तथा इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री मोदी की स्वीडन यात्रा में दोनों पक्षों ने ग्रीन ट्रांजिशन, एआई टेक्नालॉजी कॉरिडोर, हेल्थ-टेक, ग्रीन मोबिलिटी और रक्षा क्षेत्र में दीर्घकालिक औद्योगिक साझेदारी की घोषणाएं कीं।

इस यात्रा ने यूरोप में भारत की तकनीकी और रणनीतिक पहुंच को प्रतीकात्मक रूप से मजबूत किया, परंतु इससे आगे ठोस परिणाम अभी दिखने बाकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे यात्रा का महत्व इसलिये है क्योंकि लगभग 42 वर्षों बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री वहां गया। दोनों देशों ने 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें हरित रणनीतिक साझेदारी, हिंद प्रशांत महासागर पहल, डिजिटल विकास, स्वास्थ्य सहयोग, अंतरिक्ष, समुद्री ऊर्जा, तकनीकी नवाचार और भू वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल हैं। ओस्लो में आयोजित 'तृतीय भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन' में भारत और पांच नॉर्डिक देशों स्वीडन, नार्वे, आइसलैंड, डेनमार्क व फिनलैंड ने संबंधों को हरित प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आधारित रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत किया।

स्वच्छ ऊर्जा, आर्कटिक सहयोग, ब्लू इकानॉमी, साइबर सुरक्षा, उभरती तकनीकों और निवेश पर व्यापक सहमति बनी। प्रधानमंत्री मोदी की इटली यात्रा में दोनों देशों ने राजनीतिक समन्वय, आर्थिक औद्योगिक एकीकरण, उभरती तकनीकों, हरित ऊर्जा और हिन्द भूमध्यसागर आर्थिक कारीडोर जैसे कनेक्टिविटी ढांचों पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प दोहराया, जिससे भारत इटली साझेदारी को भविष्य उन्मुख दिशा मिली।

# जब सरकारें हास्य से डरती हैं, तो यह दिखाता है कि बहुत कुछ गलत है

**के. रवींद्रन**

**'कॉकरोच** जनता पार्टी' की लोकप्रियता यह भी दिखाती है कि राजनीतिक सोच बदल रही है। पारंपरिक विपक्षी राजनीति को अक्सर लोगों की नाराजगी को एक साफ राष्ट्रीय विकल्प में बदलने में मुश्किल हुई है। लेकिन, व्यंग्य को असरदार होने के लिए किसी कार्यक्रम की जरूरत नहीं होती। इसकी ताकत सत्ताधारी व्यवस्था के आस-पास बने 'अटल होने के भ्रमइ को तोड़ने में है।

काकरोच जनता पार्टी' की शुरूआत भले ही एक व्यंग्य के तौर पर हुई हो, लेकिन इसकी लोकप्रियता ने इंटरनेट पर चलने वाले किसी मामूली मजाक से कहीं ज्यादा गंभीर बात को उजागर किया है। सरकारी अधिकारियों से मिली प्रतिक्रिया से पता चलता है कि सत्ताधारी व्यवस्था को इस व्यंग्य से उतना डर नहीं लग रहा, जितना इस बात की संभावना से कि इस व्यंग्य को सुनने-समझने वाले लोग मिल गए हैं। 'कॉकरोच जनता पार्टी' के व्यंग्यात्मक उभार को लेकर मोदी सरकार की जाहिर बेचैनी समकालीन राजनीति की एक बार-बार दिखने वाली विशेषता को दशार्ती है, और वह है सत्ताधारी पार्टी की आलोचना और राष्ट्र-विरोध के बीच की रेखा का धुंधला पड़ जाना। जब सत्ता में बैठे लोग असहमति, पैरोडी या मजाक को राष्ट्र-विरोधी कृत्य मानते हैं, तो वे अपनी वैधता को लेकर अपनी ही गहरी असुरक्षा को जाहिर करते हैं। एक आत्मविश्वास से भरी सरकार मजाक को झेल सकती है। एक घबराई हुई सरकार मीम्स, चुटकुलों और काल्पनिक राजनीतिक पार्टियों में भी दुश्मन ढूंढती है। व्यंग्य की अपील को समझने के बजाय उसे दबाने की जिद राजनीतिक रूप से दूरदर्शिता की कमी को दशार्ती है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने स्पष्ट रूप से लोगों की नब्ज को छुआ है, क्योंकि यह उस मनोदशा का प्रतिनिधित्व करती है जिसे कई नागरिक–विशेष रूप से युवा लोग–पहले से महसूस करते हैं, लेकिन शायद औपचारिक राजनीति के माध्यम से व्यक्त नहीं कर पाए हैं। किसी व्यंग्यात्मक संगठन की लोकप्रियता जरूरी नहीं कि किसी संगठित तोड़फोड़ का सुबूत हो। यह तो जमा होती जा रही चिढ़ और झुंझलाहट का सबूत है।

व्यंग्य के प्रति राज्य का सहज संदेह लोकतांत्रिक संस्कृति में एक बड़ी समस्या की ओर भी इशारा करता है। राजनीतिक सत्ता नागरिकता की शर्त के रूप में श्रद्धा की मांग नहीं कर सकती। लोकतंत्र में, नेताओं और दलों को उपहास, जांच और अस्वीकृति के लिए खुला रहना चाहिए। देश किसी भी सरकार से बड़ा है, और लोकतांत्रिक निष्ठा को वर्तमान में सत्ता में बैठे लोगों के प्रति आज्ञाकारिता से नहीं मापा जा सकता। गहरा सबक यह है कि सोशल मीडिया को अब राजनीतिक वास्तविकता से अलग एक खेल का मैदान नहीं माना जा सकता। यह अब उन प्रमुख मंचों में से एक है जहां जनमानस बनता है, फैलता है और दृढ़ होता है। नई पीढ़ी अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए पार्टी घोषणापत्रों या टेलीविजन बहसों का इंतजार नहीं करती। यह व्यंग्य, रीमिक्स संस्कृति, मीम्स, पैरोडी अकाउंट और वायरल नारों का उपयोग करती है। राजनीतिक संचार के पुराने मॉडलों में प्रशिक्षित अधिकारियों को ये तरीके भले ही गैर-गंभीर लगें, लेकिन इनमें अक्सर तीक्ष्ण सामाजिक समझ होती है। जो सरकारें ऑनलाइन हास्य को तुच्छ समझकर खारिज कर देती हैं, वे इसके नैदानिक महत्व को समझ नहीं पातीं। एक मीम विरोध प्रदर्शन से पहले ही आक्रोश प्रकट कर सकता है। एक पैरोडी चुनाव से पहले ही अविश्वास दिखा सकती है। एक व्यंग्यात्मक आंदोलन यह संकेत दे सकता है कि आधिकारिक कथन लोगों को समझाने में विफल हो रहे हैं। इस अर्थ में, कॉकरोच जनता पार्टी को खतरे के बजाय एक चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।

## उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बने सुरेंद्र कुमार तिवारी

**सुल्तानपुर। उत्तर** प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में जनपद सुल्तानपुर के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी को संगठन का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। उनके चयन से जनपद के ग्राम पंचायत अधिकारियों में हर्ष का माहौल है।संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह तथा प्रदेश महामंत्री नागेंद्र प्रताप कुशवाहा ने श्री तिवारी को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन के हितों की रक्षा एवं कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। वर्तमान में श्री तिवारी उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत



अधिकारी संघ, जनपद सुल्तानपुर के जिलाध्यक्ष हैं तथा विकासखंड जयसिंहपुर क्षेत्र में तैनात हैं। अपने संगठनात्मक कौशल और सक्रिय कार्यशैली के कारण वे कर्मचारियों के बीच एक लोकप्रिय एवं सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं।मूल रूप से विकासखंड अखण्डनगर के उनुरखा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार तिवारी का जीवन अनुशासन एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है।

## एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े,कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**सुल्तानपुर-कमर्शियल** एलपीजी सिलेंडर के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय भाजपा नेताओं को महंगाई डायन नजर आती थी।लेकिन आज वही महंगाई उनके लिए डार्लिंग बन गई है।

राणा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता,छोटे व्यापारी,होटल-रेस्टोरेंट संचालक और मध्यम वर्ग परेशान हैं। पेट्रोल,डीजल,रसोई गैस और दैनिक जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं,लेकिन सरकार



जनता को राहत देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है।

उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में हुई नई बढ़ोतरी का सीधा असर बाजार और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों का बोझ आम जनता पर डाला जा रहा है।

## सुल्तानपुर के आलोक वर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बिजनौर के परियोजना निदेशक बने

**सुल्तानपुर। जनपद के** लिए गौरव की बात है कि नगर के बघराजपुर मोहल्ला निवासी एवं मूल रूप से दोस्तपुर ब्लाक के खलिशपुर दुर्गा के रहने वाले आलोक कुमार वर्मा को बिजनौर का परियोजना निदेशक नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह बाराबंकी में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद पर कार्यरत थे।बाराबंकी में तैनाती के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी "मिट्टी के दीप" पहल को सफल बनाने में उनके उत्कृष्ट कार्यों की व्यापक सराहना हुई थी। प्रशासनिक



दक्षता और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।आलोक वर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगंज में कार्यरत रही शीला वर्मा के पुत्र हैं। उनकी नई नियुक्ति पर सुल्तानपुर के लोगों में खुशी का माहौल है।

## शादी कारखाने से हलवाई की मोटरसाइकिल ले उड़े चोर,थाने में दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपुर में एक शादी कारखाने में कार्यरत कारीगर की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने गोपीगंज थाने में लिखित तहरीर देकर बाइक बरामद करने तथा रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप कुमार मौर्य पुत्र बंसीलाल मौर्य निवासी ग्राम कलकपुर पोस्ट सुधवै थाना ऊंज, गोपीगंज थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव में एक शादी समारोह के लिए खाना बनाने का कारखाना लेकर कार्य कर रहे थे। उन्होंने अपनी काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या




यूपी 66 एए 3761 कारखाने के बाहर खड़ी कर दी थी और अंदर काम में व्यस्त हो गए। कार्य समाप्त होने के बाद जब वह अपनी बाइक लेने पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। बाइक न मिलने पर उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने गोपीगंज थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी और पुलिस से मामले की जांच कर बाइक बरामद करने की मांग की।

## जमीनी विवाद में मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के हिन्छनपुर गांव में जमीनी विवाद और गाय बांधने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित सन्तोष कुमार यादव ने आरोप लगाया कि उनके भाई कमलेश कुमार यादव, सुनीता देवी, शुभम यादव तथा खुशी उर्फ रितू ने एकराय होकर उनके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी बिन्दू देवी और पुत्र आशीष यादव को भी चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## प्रदेश स्तरीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा के मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । उ0प्र0** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष-2026 में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में टॉप करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं का लखनऊ में मुख्यमंत्री जी द्वारा धनराशि चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का कलेक्टेट सभागार में सजीव प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की उपस्थिति में एवं



उपर्युक्त द्वारा जनपद के मेधावी छात्र/छात्राओं को भी पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने बताया कि जनपद भदोही से राज्य स्तरीय मेरिट सूची में हाईस्कूल की परीक्षा में 10वीं स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनु मौर्या को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 01 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र, मेडल से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद की अनु मौर्या, अन्नू, आस्था, आरव कुमार, कलश पाण्डेय, निहाल सिंह, शिवाशी यादव, अनुराग यादव, सुनीता देवी विश्वकर्मा, यशी एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद की टॉप टेन मेरिट सूची में आने वाले मेधावी छात्रों, सौरभ साहू। अर्पिता यादव, धरणीधर मिश्रा, विनम्र पंडित, अंकुश कुमार चौबे, स्वप्रिल तिवारी, आंचल, लाली यादव, नितेश गुप्ता, अंकिता, हिमांशी तिवारी को उपर्युक्त द्वारा जनपद के मेधावी छात्र/छात्राओं को 21 हजार का चेक, प्रशस्ति पत्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया।

जिला पं0अ0 अनिरूद्ध त्रिपाठी ने कहा कि मेधावी छात्रों का हौसला आफजाही करते हुए कहा कि आप लोग लगन व ईमानदारी के साथ पढ़ते हुए।

## नगर पालिका गोपीगंज को मिली नई अधिशासी अधिकारी, बीना सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। नगर** निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश पालिका (केंद्रीकृत) प्रशासी सेवा की अधिशासी अधिकारी श्रीमती बीना सिंह को तत्काल प्रभाव से नगर पालिका परिषद अकबरपुर (अम्बेडकरनगर) से स्थानांतरित कर नगर पालिका परिषद गोपीगंज (संत रविदास नगर-भदोही) में तैनात किया गया है। 31 मई 2026 को जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार यह स्थानांतरण जनहित एवं शासकीय कार्यहित में किया गया है। आदेश में श्रीमती बीना सिंह को नवीन तैनाती स्थल पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने तथा इसकी सूचना शासन एवं नगर निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि आदेश की अवहेलना को अनुशासनहीनता माना जाएगा, जिसके लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद गोपीगंज में नए अधिशासी अधिकारी की तैनाती से नगर विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## रास्ते के विवाद में युवक से मारपीट, तीन पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र के बघेलीपुर गांव निवासी सूरज गौतम ने गांव के ही तीन लोगों पर रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट करने तथा जान से मारने की नीयत से दौड़ाने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार रविवार सुबह करीब 11 बजे बबलू, अजय और अरुण ने उसे रास्ते में रोककर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोटें आईं। आरोप है कि विपक्षी प्रतिबंधित हथियार लेकर भी पहुंचे थे। किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ित ने परिजनों के साथ थाना गोपीगंज पहुंचकर तहरीर दी।

# जनपद के होनहार विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**चित्रकूटः माध्यमिक** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य एवं केन्द्र स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में वर्ष 2026 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों के सम्मान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण जनपद चित्रकूट में देखा गया। लोक भवन सभागार, लखनऊ से आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में तमाम शिक्षा बोर्डों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं 21,000 की धनराशि का डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हाईस्कूल वर्ग के सम्मानित मेधावी विद्यार्थी जिसमें अनुपम त्रिपाठी (बीबी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बेड़ी पुलिया) 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी क्रम में श्रुति देवी 94.50 प्रतिशत (श्री महर्षि वाल्मीकि इंटर कॉलेज, खंडेहा), यासी यादव 94.50 प्रतिशत (सरस्वती बालिका विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोढ़वारा), अभिषेक सिंह 94.17 प्रतिशत (बीबी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बेड़ी पुलिया), मोहित कुमार मिश्रा 94.17 प्रतिशत (जीडीएनडीएसएन इंटर कॉलेज कर्वी), नरेंद्र 94.17 प्रतिशत (केएलपी मेमोरियल इंटर कॉलेज, कलवरिया टेरा बुजुर्ग), अर्पित सिंह 93.67 प्रतिशत (बीबी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बेड़ी पुलिया), अरुण कुमार 93.67 प्रतिशत (केएलपी मेमोरियल इंटर कॉलेज, कलवरिया टेरा बुजुर्ग) को सम्मानित किया गया।

इंटरमीडिएट वर्ग के सम्मानित मेधावी विद्यार्थियों में सिद्धार्थ नारायण श्रीवास्तव 93.60 प्रतिशत (चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी), अंशिका देवी 92.40 प्रतिशत (शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी), रोहित कुमार 92.20 प्रतिशत (बीबी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेड़ी पुलिया), मुस्कान 91.20 प्रतिशत (शंकर इंटर कॉलेज देवकली), प्रदीप कुमार 90.20 प्रतिशत (बीबी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेड़ी पुलिया), दिलीप कुमार 90.20 प्रतिशत (ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी), विपिन पाल 90.20 प्रतिशत (ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी) तथा बब्बू कुमार यादव 90.00 प्रतिशत (ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, कर्वी) को सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थियों की उपलब्धियां न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था स्थापित किए जाने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है तथा उनकी प्रतिभा को उचित अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम, अनुशासन एवं सतत अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित करने तथा जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करने का आग्रह किया।

# आजाद क्रांति पार्टी ने सैकड़ों ग्रामीणों के बीच बुंदेलखंड राज्य निर्माण का फूंका बिगुल



- **कई लोगों ने बुंदेलखंड को लूटा, हम राज्य निर्माण को प्रतिबद्ध- वीर सिंह**
- **हम बुंदेलखंड राज्य निर्माण में राजनीति नहीं सेवा नीति लेकर आएं हैं- मेजर राजीव श्रीवास्तव**

**चित्रकूटः आजाद** क्रांति पार्टी ने सोमवार को मानिकपुर के गिदुरहा ग्राम पंचायत के खीस्त राजा मिशन स्कूल में सैकड़ों ग्रामीणों के बीच बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए हुकांर भरा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सिंह खंगार मौजूद रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव श्रीवास्तव रहे।

आजाद क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि जब तक सांसद विधायक आपके बीच का नहीं होगा, तब तक आपकी समस्यायों का समाधान नहीं होगा। बाहर के आदमी को आपकी पीड़ा समझ में नहीं आएगी। हम अपनी पार्टी से आपके बीच से प्रत्याशी देगें जो आपके लिए काम करेगा। हमारी पार्टी बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। कई लोगों ने बुंदेलखंड राज्य निर्माण के नाम पर दलाली की है। बुंदेलियों को सिर्फ धोका देने का काम किया है।

प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी के लगभग 80 साल हो गए आज भी गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। बुंदेलखंड राज्य निर्माण हुए बिना बुंदेलखंड का विकास संभव नहीं है। यहां के लोग सूरत बंबई में काम करते हैं तो यहां कारखाने क्यों नहीं लगाए जा सकते। जब यहां के लोग वहां की फैक्ट्रियों में काम करते है तब उनके घरों के चूल्हा जलते हैं। हम राजनीति नहीं सेवा की नीति लेकर आए हैं। बुंदेलखंड के खनिज का उपयोग बुंदेलखंड के बजाय अन्य जिलों को सजाने में लगाया जा रहा है और हमारा बुंदेलखंड सिर्फ पिछड़ा बना हुआ है।

कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान पीएम चरन ने अपने गांव की समस्या बताते हुए कहा कि हमारे यहां से वन विभाग की सेंचुरी होते हुए मानिकपुर जाने का रास्ता है जो सिर्फ 7 किमी है लेकिन हमें वहां से जाने नहीं दिया जाता। जबकि दूसरा रास्ता 25 किमी है।

आयोजित कार्यक्रम में चित्रकूट जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खंगार, उपाध्यक्ष रमेश सिंह, मनोज गुप्ता, राजनारायण, आमोस, चुन्नू सिंह यादव, शारदा प्रसाद, पवन सिंह, शिव प्रसाद, किशोरी लाल, रामबाबू, राकेश, गिरजाशरण, रज्जू यादव, बाबूलाल, रामलखन, अजय, तेजनारायण सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहे।

# काली फिल्म और अवैध हूटर लगाने वालों पर बरसी ट्रैफिक पुलिस



**बांदा।जनपद** में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और नियमों के अनुरूप बनाए रखने के लिए जिला पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने कमर कस ली है। पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक बाँदा पलाश बंसल के कड़े निर्देशन में सोमवार को जनपद के प्रमुख मार्गों पर एक विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी यातायात सौरभ सिंह के कुशल नेतृत्व में यातायात प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ विभिन्न प्रमुख चौराहों पर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। यातायात विभाग द्वारा इस विशेष अभियान के तहत शहर के दो प्रमुख एंट्री पॉइंट्सकृ मवई बाईपास एवं महोखर बाईपास चौराहे पर भारी पुलिस बल के साथ बैरिकेडिंग कर चेकिंग की गई। इस दौरान आने-जाने वाले हर संदिग्ध और नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहनों को चिन्हित किया और मौके पर ही 200 से अधिक वाहनों के ऑनलाइन चालान काटे।

# 48 घण्टे से बिजली ठप होने से ग्रामीणजन हलाकान

**चित्रकूटः ग्राम** पंचायत शिवरामपुर के अंतर्गत सोनारन पुरवा में पिछले 48 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के चलते बिजली न रहने से लोगों को पेयजल, घरेलू कार्यों तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कई विद्युत खंभे टूटे पड़े हैं, जिनकी मरम्मत कराने के लिए उन्होंने संबंधित पावर हाउस में लिखित आवेदन भी दिया था। ग्रामीणों के अनुसार आवेदन देने के बावजूद अब तक न तो टूटे खंभों की मरम्मत कराई गई है और न ही विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे किए जाते हैं, लेकिन सोनारन पुरवा में पिछले दो दिनों से बिजली गुल रहने से इन दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग रानीपुर भट्ट पावर हाउस के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र समस्या समाधान की मांग की है।

# जनपद में पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र की स्थापना



**चित्रकूटः जनपद** में पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र (ए.बी.सी. सेन्टर) की स्थापना के लिए शासन द्वारा 279.03 लाख की स्वीकृति धनराशि प्रदान की गयी है।

पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र का मुख्य काम आवारा कुत्तों का बधियाकरण/नसबंदी, एंटी रेबीज टीकाकरण और इलाज करना है। जनपद जैसे धार्मिक पर्यटन शहर के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। धार्मिक पर्यटन स्थल होने के कारण जनपद में रामघाट, कामदगिरि, हनुमान धारा जैसे स्थानों पर साल भर लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिरों-घाटों के आसपास आवारा कुत्तों की संख्या बहुत बढ़ गई है, जिस कारण श्रद्धालुओं, बच्चों और बुजुर्गों को कुत्ता काटने का खतरा रहता है। रेबीज नियंत्रण भारत में रेबीज से हर साल 18,000 से 20,000 मौतें होती हैं। 99 फीसदी मामले कुत्ते के काटने से होते हैं। एबीसी सेंटर में नसबंदी के साथ एंटी रेबीज टीका लगेगा, जिससे रेबीज का खतरा घटेगा। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार आवारा कुत्तों को मारना अपराध है। केवल एबीसी नियम वर्ष 2023 के तहत नसबंदी ही वैज्ञानिक तरीका है। नगर पालिका चित्रकूट पर लगातार हाईकोर्ट में जनहित याचिकाएं हो रही हैं। सेंटर से कानूनी अनुपालन होगा तथा मानव-पशु संघर्ष कम करना कुत्तों की संख्या बढ़ने से झुंड बनाकर लोगों पर हमले, रात में भौंकने से शोर, बाइक सवारों का एक्सीडेंट बढा है। प्रजनन काल में कुत्ते अधिक आक्रामक होते हैं, जिनकी नसबंदी से आक्रामकता 60 से 70 फीसदी कम हो जाती है। पकडने वाली प्रशिक्षित टीम नगर पालिका के वाहन से कुत्तों को मानवीय तरीके से पकड़ेगी और ऑपरेशन वेटनरी डॉक्टर द्वारा बधियाकरण/नसबंदी, एंटी रेबीज टीका, डीवार्मिंग। पोस्ट ऑप केयर 3-5 दिन सेंटर में रखकर एंटीबायोटिक, खाना देना, वापस छोडना एबीसी सेंटर नियम के अनुसार कुत्ते को उसी जगह छोड़ना है जहां से पकड़ा गया हो। इनकी कान कट निशान से पहचान होगी कि नसबंदी हो चुकी है। चित्रकूट धाम में सेंटर लगाना जीव दया और जन सुरक्षा दोनों का संगम है, इससे श्रद्धालु सुरक्षित रहेंगे, रेबीज रुकेगा, और कुत्तों के प्रति क्रूरता भी बंद होगी।

# पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचे दो बाइक चोर



**बांदा।जनपद** बाँदा में अपराधियों और वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में अतर्रा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक बाँदा पलाश बंसल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं क्षेत्राधिकारी अतर्रा सुश्री प्रतिज्ञा सिंह के कुशल नेतृत्व में अतर्रा पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से कानपुर से चोरी की गई एक कीमती केटीएम मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

घटनाक्रम के अनुसार, दिनांक 31 मई और 1 जून 2026 की दरमियानी रात को थाना अतर्रा पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था और संदिग्धों की चेकिंग के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस टीम को पुख्ता सूचना मिली कि सेमरिया मिर्दहा साईं मंदिर के आगे दो संदिग्ध युवक एक चमचमाती स्पोर्ट्स बाइक के साथ खड़े हैं।सूचना मिलते ही अतर्रा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को अपनी ओर आता देख दोनों संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। इस पर पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाई और घेराबंदी करते हुए आवश्यक बल का प्रयोग कर दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। जब पुलिस ने दोनों को कड़ाई से हिरासत में लेकर पूछताछ की और भागने का कारण पूछा, तो उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया।

अभियुक्तों ने कुबूल किया कि बरामद ज्ञज्ड मोटरसाइकिल उन्होंने बीते 28 मई 2026 को कानपुर के रमाबाई चौराहे से चोरी की थी। पकड़े जाने के डर से उन्होंने बाइक की नंबर प्लेट बदल दी थी और उसे किसी राहगीर को औने-पौने दामों में बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। तलाशी के दौरान अभियुक्त गुरु प्रसाद के पास से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ, जिसे वह किसी वारदात या सुरक्षा के लिहाज से अपने पास रखे हुए था।दोनों शातिर अभियुक्तों को लिखापढ़ी पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सावधान:आपदा फैलाने का अवसर ढूढ रहा मौसम!

**बांदा। मुख्यमंत्री** के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन बाँदा संभावित प्राकृतिक आपदाओं को लेकर पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तेज आंधी, भारी बारिश, वज्रपात और जलभराव की आशंका जताए जाने के बाद, जिलाधिकारी अमित आसेरी ने जनपदवासियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विस्तृत वेदर एडवाइजरी जारी की है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने और राहत व बचाव की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी अमित आसेरी ने जनता के नाम संदेश जारी करते हुए कहा कि मौसम विभाग की चेतावनियों को बिल्कुल भी हल्के में न लें। आपकी थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी किसी भी बड़ी अनहोनी या जनहानि को रोक सकती है। खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और बच्चों, बुजुर्गों व मवेशियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।खेतों, खुले मैदानों या पेड़ों के नीचे बिल्कुल खड़े न हों ।,कच्चे या जर्जर मकानों में रहने वाले लोग तुरंत सुरक्षित पक्के स्थानों पर चले जाएं।तेज हवाओं के दौरान अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे मजबूती से बंद रखें। छतों पर रखी ऐसी वस्तुएं जो उड़ सकती हैं, उन्हें कसकर बांध दें।सड़कों पर वाहन अत्यंत धीमी गति से चलाएं और बिजली के खंभों व टूटे तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं। जब भी आसमान में गरज सुनाई दे, तुरंत किसी सुरक्षित छत के नीचे चले जाएं।बिजली चमकने या गरजने के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल बेहद सीमित कर दें। खुले मैदान, नदी, तालाब या ऊंचे स्थानों से तुरंत हट जाएं। घरों के भीतर रहें और टीवी, फ्रिज जैसे सभी विद्युत उपकरणों के प्लग सॉकेट से निकाल दें।खेतों में काम कर रहे किसान भाई बिजली चमकते ही तुरंत काम रोककर सुरक्षित स्थान पर शरण लें। जलभराव वाले रास्तों, नालों और उफनते पुल-पुलियों के पास जाने का जोखिम न उठाएं।

# 9 जून को होगी बैठक

**चित्रकूटः मुख्य** विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि बांदा/चित्रकूट

सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल की अध्यक्षता में भारत सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 9 जून को आहूत जाएगी, जिसमें भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा है कि ससमय इस बैठक में प्रतिभाग करें।

# विद्युत बिल सुधार की मांग

**चित्रकूटः पूर्व** जिला पंचायत सदस्य ठाकुर प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि शिवरामपुर के निवासी रामऔतार का विद्युत बिल मीडर रीडर द्वारा बीती तीन मई को 1375.77 रुपये का दिया गया था। जिसमें उपभोक्ता के अनुसार बिल में गड़बड़ी थी, इसके सुधारने के लिए उसने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचित किया, किंतु कोई सुनवाई नहीं की गई। ऐसी में उपभोक्ता का बिल सुधारकर जमा कराया जाए। जिससे बढ़े हुए यूनिट की अनावश्यक धनराशि उपभोक्ता को न देनी पड़े।

# मोहकमगढ़ ग्राम में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर आयोजित




**चित्रकूटः महात्मा** गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं जिला आयुष विभाग, सतना के संयुक्त तत्वावधान तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को चित्रकूट अंचल के मोहकमगढ़ ग्राम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर सम्पन्न हुआ।

शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत 95, यूनानी चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत 32 तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत 32 रोगियों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में विशेष रूप से चर्म रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या अधिक रही।

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा विभिन्न मौसमी एवं सामान्य रोगों से बचाव संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की।

इस आयोजन की मुख्य अतिथि प्रो साधना चैरसिया, उप कुलसचिव (अकादमी) थी। प्रो. नन्द लाल मिश्रा अधिष्ठाता कला एवं डॉ नरेंद्र कुमार पटेल जिला आयुष अधिकारी सतना विशिष्ट अतिथि रहे। विश्वविद्यालय रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार अरसिया और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों द्वारा स्वागत किया।

इस अवसर पर आयुष विभाग सतना और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल, आंगनबाड़ी, सखी भी मौजूद रही। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रूस की तस्वीर ने हिलाई दुनिया, रातों-रात पलटी भारत की किस्मत !



**अफगानिस्तान**

**भारत** के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल रूस के दौरे पर हैं। अजीत डोभाल ने रूस के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर सरगेई शोइगू से मुलाकात की। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को खूब धोया। शुरूआत में सबको लगा कि यह एक नॉर्मल रूटीन मीटिंग है। लेकिन इस मीटिंग के बाद जो हुआ उसकी कल्पना ना तो अमेरिका को थी और ना ही पाकिस्तान को। अजीत डोभाल से मिलने के बाद रूस के एनएसए सरगई शोइगू ने अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब को अपने पास बुला लिया। रूसी एनएसए और अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री ने मिलकर एक फाइल पर साइन कर दिया। असली खबर यह है कि रूस ने अफगानिस्तान के साथ एक बहुत बड़ी डिफेंस डील साइन कर ली है। वो भी अजीत डोभाल से मिलने के बाद।

इस बड़ी डिफेंस डील के तहत रूस अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को खतरनाक हथियार देगा। मॉडर्न एयर डिफेंस सिस्टम देगा। इन हथियारों को चलाने के लिए टेक्निकल ट्रेनिंग भी देगा। यानी पाकिस्तान से जंग लड़ रहे तालिबान के पास अब रूसी हथियारों की अनलिमिटेड सप्लाई रहेगी। यह बताने की जरूरत नहीं है कि अफगानिस्तान का तालिबान इन हथियारों का इस्तेमाल किस देश पर करेगा। इस डील के बाद पाकिस्तान में भयंकर भूचाल आ गया है। पाकिस्तान ने अचानक अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की है। याद दिला दें कि कुछ महीनों पहले पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एक भयंकर एयर स्ट्राइक की थी। यह एयर स्ट्राइक एक हॉस्पिटल पर की गई थी जिसमें 400 मरीजों की मौत हो गई थी। उस समय अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से कहा था कि थोड़ा इंतजार करो। हमारा पलटवार और भी तगड़ा होगा। अब अफगानिस्तान रूसी हथियारों से पाकिस्तान पर पलटवार करेगा। पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक्स को रोकने के लिए रूसी एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल करेगा। इस खबर के आते ही पाकिस्तान के पत्रकार, रिटायर्ड फौजियों और डिप्लोमेट्स ने रूस को गालियां देनी शुरू कर दी हैं। यह सभी बोल रहे हैं कि रूस पाकिस्तान से कभी दोस्ती नहीं कर सकता। रूस तो भारत का दोस्त है।

पुतिन ने अफगानिस्तान के साथ डील करके पीएम मोदी की मदद की है। लगभग यही हाल अमेरिका का भी है। अमेरिकी बोल रहे हैं कि रूस इतनी स्ट्रेटेजिक लोकेशन में घुस गया है। तालिबान के साथ डिफेंस डील कर ली है। अफगानिस्तान पर तो हमारा राज होना चाहिए था। बहरहाल अमेरिका और पाकिस्तान यह नहीं जानते कि रूस में डोबाल बैठे हैं। पिछले कुछ महीनों में अजीत डोबाल कई बार रूस से मिल चुके हैं। हाल ही में भारत के दौरे पर आए रूस के फर्स्ट डेपुटी प्राइम मिनिस्टर डेनिस मॉनटुरोव तो अजीत डोबाल से मिलने उनके ऑफिस तक पहुंच गए थे।

## भारत ताकतवर...अग्नि-6 पर पाकिस्तानी पत्रकार को अमेरिका ने सुना डाला

**अमेरिका**

**दक्षिण** एशिया की भू राजनीति में मिसाइल क्षमताएं हमेशा चर्चा का विषय रही हैं। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार तंजीला खलील और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के बीच हुआ संवाद वैश्विक स्तर पर सुर्खियों में है। यह चर्चा ना केवल पाकिस्तान की मिसाइल क्षमताओं पर केंद्रित थी बल्कि इसमें भारत की उभरती हुई अग्नि-6 मिसाइल और अमेरिका के प्रति उसके संभावित प्रभाव पर तीखे सवाल पूछे गए। दरअसल प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में पाकिस्तानी पत्रकार तंजिला खलील ने एक बेहद रणनीतिक सवाल उठाया। उन्होंने राष्ट्रीय खुफिया निर्देशक तुलसी गबाट के उस बयान का हवाला दिया जिसमें पाकिस्तान की संभावित इंटरकॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल यानी कि आईसीबीएम क्षमता को भविष्य में



अमेरिका के लिए एक खतरा बताया गया था। तंजिला खलील ने सीधे तौर पर भारत सैन्य प्रकृति को निशाने पर लेते हुए अग्नि-6 पर सवाल पूछा। सवाल स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और उसकी वैश्विक पहुंच को एक खतरे के रूप में पेश करने की पाकिस्तान की कोशिश थी। लेकिन अमेरिकी रक्षा सचिव पीट ने इस सवाल का जवाब बहुत ही सधे हुए और रणनीतिक अंदाज में दिया। पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा भारत की अग्नि-6 को खतरा बनाने की कोशिश को पूरी तरह खारिज कर देता है। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया कि वह देशों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए मिसाइल विकसित करने को उनका अधिकार मानता है और वह भारत की प्रगति को वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक मानता है। खैर इस पूरे संवाद में यह साफ हो गया कि दुनिया अब भारत को एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति और एक नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर के रूप में देखती है।

# अमेरिकी अधिकारी हेगसेथ ने की पाकिस्तान की तारीफ

## पीएम शरीफ-मुनीर से अप्रत्याशित दोस्ती

**पाकिस्तान**

**अमेरिकी** युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने शनिवार को कहा कि पिछले साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापित करने का श्रेय डोनाल्ड ट्रम्प को दिया जाता है और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ-साथ देश के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ एक अप्रत्याशित सच्ची दोस्ती विकसित हो रही है। सिंगापुर में शांग्री-ला संवाद में बोलते हुए, हेगसेथ ने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव के बाद बनी सहमति का जिक्र किया और तनाव कम करने में ट्रंप की भूमिका की सराहना की। हेगसेथ ने कहा कि आपने देखा कि राष्ट्रपति ने भारत और पाकिस्तान, दो परमाणु सक्षम देशों के बीच शांति समझौता कराने में कितनी कुशलता दिखाई।

हेगसेथ ने भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया और दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर प्रकाश डाला।

ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले,



जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के बाद चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापित करने में मदद की। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर हुआ था और उसने किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के दावों को खारिज किया है। हेगसेथ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों एक-दूसरे को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के नजरिए से देखते रहेंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने शनिवार को कहा कि उनका मानना ??है कि भारत और पाकिस्तान दोनों एक-दूसरे से स्वाभाविक खतरे देखेंगे, हो सकता है कि कुछ खतरों को हम अलग तरह से देखें, और देश अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) विकसित करना चाहेंगे।" लेकिन फिलहाल, हम किसी भी देश पर उंगली नहीं उठा रहे हैं और न ही उन्हें अपने लिए खतरा बता रहे हैं।

## मुनीर की सेना का 'कर्फ्यू टॉर्चर', खाने-दवा को तरस रहे लोग



**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** के अवारान जिले के मश्कय कस्बे के निवासियों की मानवीय स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, क्योंकि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा कथित तौर पर लागू कर्फ्यू और सख्त आवागमन प्रतिबंध दूसरे सप्ताह भी जारी हैं। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय से चल रहे लॉकडाउन ने दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है और कई परिवारों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिक, निवासियों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में आवागमन पर भारी प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गई है और स्थानीय आबादी के लिए गंभीर कठिनाइयाँ पैदा हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन प्रतिबंधों ने बाजारों, परिवहन और नियमित आर्थिक गतिविधियों तक पहुंच को प्रभावित किया है, जिससे पहले से ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना कर रहे निवासियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को लेकर भी चिंताएं जताई गई हैं। निवासियों का दावा है कि तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्तियों को जारी कर्फ्यू के कारण अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। परिवारों ने स्थिति को लेकर बढ़ती चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी।

## बिना फैसले के उठे ट्रंप, ईरान पर सस्पेंस बढ़ा



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शुक्रवार को सिचुएशन रूम में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ हुई बैठक के बाद व्हाइट हाउस ने अभी तक कोई निर्णय नहीं सुनाया है, हालांकि राष्ट्रपति ने पहले संकेत दिया था कि यह चर्चा उन्हें ईरान से संबंधित मुद्दों पर "अंतिम निर्णय" लेने में मदद करेगी। बैठक के बाद जारी एक बयान में, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग दो घंटे की चर्चा समाप्त हो गई है। अधिकारी ने कहा कि सिचुएशन रूम की बैठक समाप्त हो गई है और लगभग दो घंटे तक चली। राष्ट्रपति ट्रम्प केवल वही समझौता करेंगे जो अमेरिका के लिए अच्छा हो और उनकी निर्धारित शर्तों को पूरा करता हो। ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं रख सकता। ट्रम्प ने बैठक की घोषणा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अंतिम निर्णय लेना है। उन्होंने कई शर्तें भी रखीं, जिन्हें वे संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से संभावित समझौते के तहत ईरान से स्वीकार करने की अपेक्षा करते हैं।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान को यह स्वीकार करना होगा कि उसके पास कभी भी परमाणु हथियार या बम नहीं होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोला जाना चाहिए, बिना किसी शुल्क के, दोनों दिशाओं में निर्बाध जहाज यातायात के लिए। यदि कोई जलमग्न खदानें (बम) हैं, तो उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा (हमने अपने शक्तिशाली जलमग्न खदान सफाई यंत्रों से विस्फोट कर-के ऐसी कई खदानों को हटा दिया है। ईरान को बची हुई सभी खदानों को तुरंत हटाना और/या नष्ट करना होगा, जो कि बहुत कम होंगी)!

ईरान ने कहा कि कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है और उसने इस बात को खारिज कर दिया कि तेहरान बाहरी दबाव में काम करेगा।

## ताइवान ने चीनी विमानों की 16 उड़ानें, 8 पोत और 3 जहाज देखे

**ताइवान**

**ताइवान** के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र के आसपास चीनी सैन्य विमानों के 16 विमानों, आठ नौसैनिक जहाजों और तीन सरकारी जहाजों की मौजूदगी का पता लगाया। सभी 16 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी भाग के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास पीएलए के 16 विमानों, 8 पीएलए जहाजों और 3 सरकारी जहाजों का पता चला। इनमें से 16




में से 16 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी भाग के एडीआईजेड में प्रवेश किया। आरओसी सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और जवाबी कार्रवाई की। 29 मई को ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने अपने आसपास पीएलए विमानों के 10 बेड़े, आठ नौसैनिक पोतों और चार सरकारी जहाजों की मौजूदगी का पता लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास पीएलए विमानों के 10 बेड़े, 8 पीएलए पोत और 4 सरकारी जहाजों की मौजूदगी देखी गई। इनमें से 10 बेड़े मध्य रेखा पार करके ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी भाग में रक्षा रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। आरओसी सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और जवाबी कार्रवाई की। इससे पहले 21 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनेक्टिकट के ग्रोटन जाते समय जॉइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अमेरिका 'ताइवान समस्या' पर काम करेगा।

# नाटो में घुसे पुतिन ? अब क्या होने वाली है पूरे यूरोप से सीधी जंग

**यूक्रेन**

**लड़ाई** रूस की यूक्रेन से ना होते हुए अब वो यूरोप से सीधे तौर पर छिड़ जाए क्योंकि यूक्रेन को लगातार फ्यूल करता रहा है यूरोप और यूक्रेन अमेरिका यूरोप के बिहाफ पर रूस से लड़ाई लड़ता रहा। लेकिन कुछ ऐसे घटनाक्रम घटित हो गए हैं जिससे रूस और यूरोप सीधा-सीधी टक्कर की स्थिति में हैं। रूस यूक्रेन युद्ध चल रहा था। तमाम तरह के बयानात आ रहे थे, धमकियां आ रही थी और इन सबके बीच आरोप है कि रूस का एक ड्रोन उड़ता है और वो उड़ते-उड़ते यूरोपीय देश में चला जाता है और कहां पहुंचता है? रोमानिया में। वहां जाकर एक बिल्डिंग से टकराता है। धमाका होता है। बवाल पूरी दुनिया में छिड़ जाता है। इस पूरे तनाव के बीच में नाटो देश तक यह जो युद्ध पहुंचता दिख रहा है वो इसलिए क्योंकि रोमानिया में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग पर रूसी ड्रोन गिरने की घटना ने पूरे यूरोप को आग बबूला कर दिया है। यह हमला यूक्रेन सीमा से लगे यू रोमानिया में गलाती इलाके में हुआ है। बताया जाता है कि इससे दो लोग घायल भी हुए।

रोमानिया नाटो का सदस्य है। लेकिन इस घटना को केवल सीमा विवाद नहीं बल्कि यूरोपीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती माना जा रहा है। रोमानिया सरकार ने इस घटना को बेहद गंभीर गैर जिम्मेदाराना कारवाई बताया है। रोमानिया के विदेश मंत्रालय का आरोप है कि रूस लगातार यूरोपीय सीमाओं के पास तनाव बढ़ा रहा है। घटना के बाद रोमानिया ने रूस के राजदूत को तलब किया। नाटो से अतिरिक्त एंटी ड्रोन सुरक्षा प्रणाली भेजने की मांग की और रूस के खिलाफ कारवाई कर रहा है। यूरोप की



प्रतिक्रिया भी बहुत तलखा आई और यूरोप के नाटो महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि गठबंधन अपने सभी सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्षा उर्सला वन डेरलेन ने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। कई यूरोपीय नेताओं ने कहा है कि ऐसे हमले जारी रहे तो रूस के खिलाफ और सख्त प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

एक नए सेक्ट ऑफ सेंशंस की तैयारी है। नाटो प्रवक्ता ने साफ तौर पर कहा है कि संगठन अब ड्रोन खतरों के खिलाफ अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा। रोमानिया के राष्ट्रपति निकुशेर डेन ने इसे अब तक की सबसे गंभीर घटना बताया है और कहा है कि रूस को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। इस घटना के बाद रोमेनिया ने अपनी वायु संरक्षा प्रणाली को हाई अलर्ट पर कर दिया है। लड़ाकू विमानों को भी तैनात किया है। हालांकि रूस ने इन आरोपों को सीधे तौर पर स्वीकारा नहीं है। रूसी अधिकारियों का कहना है कि युद्ध के कार्य दौरान जो है कई बार ड्रोन रास्ता भी भटक जाते हैं और सीमा पार हो जाता है। रूस समर्थक नेताओं ने यह भी कहा है कि पश्चिम देश इस घटना को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# जंग से जो न मिला, वो प्रतिबंध से भी हासिल नहीं होगा

**ईरान**

**ईरान** की नई संस्था, फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण (पीजीएसए), जो होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन का प्रबंधन करती है, ने अपने ऊपर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों की निंदा की और अपने कार्यों को "बिना किसी रुकावट के" जारी रखने का संकल्प लिया। अमेरिका पर पलटवार करते हुए पीजीएसए ने कहा कि वाशिंगटन युद्ध के माध्यम से होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण "हासिल करने में विफल" रहा है और प्रतिबंधों के माध्यम से भी यही परिणाम प्राप्त करेगा। पीजीएसए ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिकी वित्त विभाग ने हाल ही में पीजीएसए पर प्रतिबंधों की घोषणा की है। पीजीएसए इस कार्रवाई की निंदा करते




हुए, एक ऐसे देश द्वारा प्रतिबंधित किए जाने को अपनी सकारात्मक उपलब्धि का संकेत मानता है, जिसका नेता समुद्री डकैती पर गर्व करता है। आप होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण हासिल नहीं कर पाएंगे, जिसे आप युद्ध और कूटनीति के माध्यम से हासिल करने में विफल रहे हैं, न ही प्रतिबंधों के माध्यम से। संस्था ने कहा कि वह नौवहन को सुगम बनाने के लिए "गैर-शत्रुतापूर्ण" जहाजों को आवागमन परमिट की समीक्षा और मंजूरी देना जारी रखेगी। फारस की खाड़ी और ओमान सागर के जलक्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका की उकसाने वाली कार्रवाइयों के बावजूद, यह संस्था बिना किसी रुकावट के गैर-शत्रुतापूर्ण जहाजों को आवागमन की अनुमति देने और समीक्षा करने का काम जारी रखे हुए है ताकि नौवहन सुगम हो सके। पीजीएसए की गतिविधियों के पहले महीने के आंकड़े जल्द ही प्रकाशित किए जाएंगे। यह तब हुआ जब अमेरिका ने पीजीएसए पर प्रतिबंध लगा दिए, जिसमें तेहरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों से जबरन वसूली करने और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को राजस्व "भेजने" के लिए संस्था का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था।

अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय द्वारा घोषित इस कदम के तहत, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन द्वारा ईरान पर दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "आर्थिक आक्रोश" अभियान के तहत, क्षेत्रीय तनावों के बीच, पीजीएसए को वित्त मंत्रालय की विशेष रूप से नामित नागरिकों (एसडीएन) की सूची में शामिल किया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, पीजीएसए की स्थापना ईरान द्वारा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इच्छा रखने वाले जहाजों के अनुरोधों के प्रबंधन के लिए की गई थी। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि यह प्राधिकरण आईआरजीसी और आईआरजीसी नौसेना के साथ मिलकर जहाजों के आवागमन को नियंत्रित करता है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर अवैध शुल्क लगाता है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि वैश्विक समुद्री व्यापार से जबरन वसूली करने का ईरानी सेना का नवीनतम प्रयास इस बात का प्रमाण है कि आर्थिक आक्रोश अभियान ने शासन को नकदी के लिए बेताब कर दिया है।

आर्थिक दबाव के जरिए, संयुक्त राज्य अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े आतंकवाद समर्थक देश पर वित्तीय शिकंजा कस दिया है। अमेरिकी राजकोष ने ईरानी शासन को उसके हथियार कार्यक्रमों, आतंकवादी संगठनों और परमाणु महत्वाकांक्षाओं के लिए राजस्व से वंचित कर दिया है।